# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024




krishnavikash.com



# "अपने बच्चे के भविष्य को मज़बूत नींव दें।"

## आईआईटियन, टेक्नोक्रेट, मेडिकोज और दुनिया बदलने वाले पेशेवर तैयार करने की विरासत।

"पिछले 22 वर्षों से अधिक समय से कृष्णा विकाश पूर्वी भारत में शैक्षणिक उत्कृष्टता के मार्गदर्शक रहे हैं, और उन्होंने भविष्य के लीडर्स तैयार करने का दायित्व संभाला है। एक समर्पित शिक्षकों की टीम के साथ यह संस्थान उन पालकों द्वारा समर्थित प्रतिभाओं को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनकी अपने बच्चों के लिए आकांक्षाएँ शिक्षा से परे हैं। मुझे यह देखकर ख़ुशी हुई कि स्कूल न केवल बच्चों का भविष्य बना रहा है, बल्कि देश का भी भविष्य बना रहा है।"



## कृष्णा विकाश नॉलेज पार्क @ रायपुर में आपका स्वागत है .



Krishna Vikash Global University, Raipur



कृष्णा विकाश नॉलेज पार्क 60 एकड़ के सुव्यवस्थित बुनियादी ढांचे में फैला हुआ है। 21वीं सदी की शिक्षा को आत्मसात करने के लिए निर्मित, इस विशाल, अच्छी तरह से डिज़ाइन किए गए शैक्षणिक परिसर में विश्व स्तरीय स्कूल है जो आईबी और सीबीएसई पाठ्यक्रम, इंजीनियरिंग और स्नातक कॉलेज प्रदान करता है।

**कृष्णा विकाश नॉलेज पार्क में है यह सब:**

- इंटरनेशनल स्कूल, किफायती शुल्क पर आईबीडीपी तक आईबी पाठ्यक्रम
- बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के दौरान फाउंडेशन और एकीकृत जेईई/एनईईटी/सीपीटी के साथ सीबीएसई पाठ्यक्रम
- इंजीनियरिंग और तकनीकी कॉलेज यूजी/पीजी पाठ्यक्रमों में विभिन्न स्ट्रीम
- 60 एकड़ का परिसर, जिसमें 20 एकड़ का खेल परिसर

कृष्णा विकाश एजुकेशनल ग्रुप के पास अब जगदलपुर और भिलाई में पूर्ण परिसर हैं।



Krishna Vikash Next-Gen School, Jagdalpur



Krishna Vikash Techno School, Bhilai



कृष्णा विकाश दो दशकों से अधिक समय से अधिक छात्रों तक पहुंचने और अनगिनत सफलता की कहानियां लिखने के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा के प्रति अपने दृष्टिकोण और उत्कृष्टता की विरासत को ओडिशा और छत्तीसगढ़ से आगे ले जाते हुए, आंध्रप्रदेश में प्रवेश करने पर गर्व है। निरंतर विकास में अपने विश्वास के साथ, हम आने वाले वर्षों में कई और उज्ज्वल भविष्य को आकार देने के लिए तत्पर हैं।

**दासरी मुरली कृष्णा**
*संस्थापक अध्यक्ष, विकाश समूह*
*अध्यक्ष, कृष्णा विकाश शिक्षा नेटवर्क।*

**विवेक दासरी**
*प्रबंध निदेशक*

Krishna Vikash Group of Institutions

Odisha | Chhattisgarh | Andhra Pradesh

Krishna Vikash Edu. Network

• CBSE K-12 Schools • IB Schools • CHSE Jr. Colleges • Engineering Colleges • Arts, Commerce and Management Institutions • State Private University • Health Care • Public Health University

**Krishna Vikash Global School, Raipur:** (Day-Boarding and Residential Institutions) Near Nandan Van, Veer Savarkar Nagar, Atari, (C.G.). M: 77519 93222, 98494 49985.

**Krishna Vikash Next-Gen School, Jagdalpur:** (Day-Boarding and Residential Institutions) Halba Kachora (Adawal), Bastar (C.G.). M: 91240 87305 / 06 / 07.

**Krishna Vikash Techno School, Bhilai:** Dhamda Road, Durg, (C.G.). M: 91245 71067 / 68 / 69.

MAHESHWARI

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024







**खबर संक्षेप**

## भारतीय टीम घर में सिर्फ 46 रन पर ढेर



**बेंगलुरु।** भारतीय टीम ने घरेलू मैदान पर शर्मनाक रिकॉर्ड बनाते हुए सिर्फ 46 रन पर ढेर हो गई। यह घर में उसका न्यूनतम स्कोर है। इससे पहले भारत में उसका न्यूनतम टेस्ट स्कोर 75 रन था जो 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में बनाया था।

## शाह और नड्डा ने ग्रहण की भाजपा की सक्रिय सदस्यता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष



जेपी नड्डा ने गुरुवार को पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस अभियान का हिस्सा बन संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इस अभियान की शुरुआत की थी और पहले सक्रिय सदस्य बने थे।

## हर मोबाइल उपयोगकर्ता एक प्रसारक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने



कहा कि प्रत्येक मोबाइल उपयोगकर्ता एक कंटेंट निर्माता और प्रसारक है। उनके द्वारा साझा की गई जानकारी की सत्यता सुनिश्चित करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस के अवसर पर 'प्रसारण क्षेत्र में उभरते रुझान और प्रौद्योगिकी' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में उन्होंने यह बात कही।

## जहरीली शराब से चार दिन में 36 मौतें

**पटना।** बिहार के 16 गांवों में जहरीली शराब से अब तक एक महिला समेत 36 लोगों की मौत हो



चुकी है। गुरुवार सुबह सीवान में 3 और सारण में 2 लोगों की मौत हुई। सीवान में 26 और सारण में 10 लोगों की जान जा चुकी है। हालांकि प्रशासन ने 24 मौत की पुष्टि की है। शुरुआती दौर में केवल 9 लोगों की मौत की जानकारी मिली थी।

### नेपाल भागने की फिराक में थे आरोपी, अब तक छह गिरफ्तार, चार अभी भी फरार

# बहराइच हिंसा में बड़ा एक्शन, भारत-नेपाल सीमा पर सरफराज-तालिब का एनकाउंटर

*बहराइच हिंसा में राम गोपाल हत्याकांड मामले में यूपी एसटीएफ और यूपी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने हिंसा के मुख्य आरोपी सरफराज और तालिब को एनकाउंटर में गिरफ़्तार कर लिया है। एनकाउंटर के दौरान दोनों आरोपियों के पैर में गोली मारी गई है। आरोपी नेपाल भागने की फिराक में थे। पुलिस ने 10 में से छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। चार अभी भी फरार हैं।*

एजेंसी ▸▸| बहराइच

बहराइच जिले के महाराजगंज इलाके में 13 अक्टूबर को हुई सांप्रदायिक हिंसा के पांच आरोपियों को पुलिस ने गुरुवार दोपहर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में दो आरोपी घायल भी हुए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार मुठभेड़ भारत-नेपाल सीमावर्ती नानपारा कोतवाली क्षेत्र में सरयू मुख्य नहर के निकट हाड़ा बसेहरी में हुई। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि 13 अक्टूबर को महाराजगंज में एक युवक की गोली मार कर हत्या के ▸▸| शेष पेज 2 पर

- पुलिस ने मुख्य आरोपी सरफराज और तालिब के पैर में मारी गोली



### अस्पताल के बाहर फोर्स तैनात

एनकाउंटर में गिरफ्तार सरफराज और तालिब का जहांपूरी जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। अस्पताल का पूरा परिसर छावनी में तब्दील कर दिया गया है। साथ ही हरदी थाना क्षेत्र के मृतक राम गोपाल मिश्रा के गांव में भर्ती बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है।

### सपा ने उठाए सवाल

मुठभेड़ के तुरंत बाद मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने राज्य में 'बड़े पैमाने पर अपराध' का हवाला देते हुए सोशल मीडिया पर सवाल उठाया कि क्या कानून और व्यवस्था के मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए 'दंगे और मुठभेड़' किए जा रहे हैं।

**बेटी बोली**

### मेरे पिता और दो भाइयों को ले गई पुलिस

इस बीच, गोपाल मिश्रा पर गोली चलाने के आरोपी अब्दुल हमीद की बेटी रुखसार ने एक वीडियो में कहा, कल शाम चार बजे मेरे पिता अब्दुल हमीद, मेरे दो भाइयों सरफराज, फहीम और एक अन्य युवक को उत्तर प्रदेश पुलिस स्पेशल टास्क फोर्स पकड़कर ले गई थी। मेरे पति और मेरे देवर को पहले ही पकड़ लिया गया है।

### एटीएस के लिए चुनौती थी सरफराज की गिरफ्तारी

बहराइच के महाराजगंज क्षेत्र में 13 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन के दौरान कहासुनी के बाद छत पर चढ़े रामगोपाल को गोली मार दी गई थी। इस हत्याकांड में सरफराज उर्फ रिंकू, फहीम व हमीद को आरोपी बनाया गया था। घटना के बाद से ही सभी फरार हो गए थे। जिला अस्पताल में रामगोपाल के दम तोड़ने के बाद रिश्तेदारों की मदद से सभी के रुपईडीहा बॉर्डर से नेपाल भागने की बात सामने आई थी। पुलिस सूत्रों का कहना था कि हमीद का बड़ा बेटा नेपाल में ही परिवार संग रह रहा है। घटना को अंजाम देने के बाद 14 अक्टूबर को सभी वहीं पहुंचे थे, लेकिन एटीएस के पीछे लगे होने की खबर पर वहां से भी वे सभी फरार हो गए हैं।

## रियल एस्टेट कारोबारी के सुपरवाइजर से 20 लाख की लूट



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुजगहन थाना क्षेत्र में अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने एक रियल एस्टेट कंपनी के सुपरवाइजर के साथ 20 लाख रुपए की लूट को अंजाम दिया है। सुपरवाइजर की शिकायत पर पुलिस अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। घटनास्थल के पास पुलिस को बदमाशों के भागे जाने का अब तक किसी तरह से सीसीटीवी फुटेज नहीं मिला है। घटना गुरुवार सुबह 11 बजे के करीब कमल विहार सेक्टर-15 की है।

*बाइक सवार बदमाशों ने की लूट*

पुलिस के मुताबिक इस्कॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सुपरवाइज मनोज ध्रुव के साथ लूट की घटना हुई है। मनोज ने पुलिस को बताया कि वह घटना दिनांक को सुबह बोरियाखुर्द स्थित अपने घर से नोटों का बैग लेकर अपने सेक्टर-15 स्थित ऑफिस जा रहा था। इसी दौरान ▸▸| शेष पेज 2 पर

### पीएम मोदी, शाह ने साझा किया मंच

## सैनी ने फिर संभाली हरियाणा की कमान

एजेंसी ▸▸| चंडीगढ़

अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के नेता नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को पंचकूला में आयोजित एक समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई नेता और राज्यभर से हजारों लोग शामिल हुए। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने यहां दशहरा मैदान में सैनी को ▸▸| शेष पेज 2 पर



### सीएम साय समेत कई राज्यों के सीएम भी पहुंचे

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो, मेघालय के मुख्यमंत्री के. संगमा और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस अवसर पर मौजूद थे। समारोह के लिए सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई थी।

### एनडीए चीफ मिनिस्टर कॉनक्लेव में साय





**चंडीगढ़।** एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की विशेष बैठक 'चीफ़ मिनिस्टर कॉनक्लेव' चंडीगढ़ में आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए। लंबे अंतराल के बाद आयोजित इस कॉनक्लेव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे समय उपस्थित रहे और बैठक का नेतृत्व किया। इस बैठक में भाजपा के 13 मुख्यमंत्री और 16 उपमुख्यमंत्री तथा महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार, सिक्किम, नागालैंड और मेघालय के एनडीए सहयोगी दलों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे।

### सेंसेक्स 494.75 और निफ्टी 228 अंक फिसली

# शेयर बाजार धड़ाम, निवेशकों के डूबे 6 लाख करोड़

एजेंसी ▸▸| मुंबई

भारतीय शेयर बाजारों में 17 अक्टूबर को लगातार तीसरे दिन गिरावट देखी गई। विदेशी कोषों की निकासी के बीच शेयर बाजार में तेज गिरावट से गुरुवार को निवेशकों की संपत्ति छह लाख करोड़ रुपये घट गयी। बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 494.75 अंक यानी 0.61 प्रतिशत गिरकर 81,006.61 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 595.72 अंक तक फिसलकर 80,905.64 अंक पर आ गया था। इससे बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण ▸▸| शेष पेज 2 पर



### तीन दिनों में 1.5 फीसदी तक टूटे

सिर्फ पिछले 3 दिन में दोनों इंडेक्स करीब 1.5 फीसदी तक टूट चुके हैं। ब्रॉडर मार्केट में भी बिकवाली जारी है। बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स आज क्रमशः 1.53 फीसदी और 1.23 फीसदी तक गिर गए। आईटी छोड़कर बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स भी लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

### कमजोर तिमाही नतीजे

दलाल स्ट्रीट पर अबतक जिन कंपनियों के सितंबर तिमाही के नतीजे आए हैं, उनमें से अधिकतकर ने बाजार को निराश किया है। इसमें कुछ हैवीवेट कंपनियों के नतीजे भी शामिल हैं। इससे भी मार्केट का सेंटीमेंट कमजोर हुआ है।

### महंगाई दर में तेजी

देश की खुदरा महंगाई दर में एक बार फिर से तेजी देखी जा रही है। सितंबर महीने के दौरान खुदरा महंगाई दर बढ़कर 5.5 फीसदी पर पहुंच गई, जो इसका पिछले 9 महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है। इससे पहले अगस्त में महंगाई दर 3.7 फीसदी थी। खाने-पीने से जुड़ी चीजों के दाम में सबसे अधिक इजाफा देखने को मिला। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा, महंगाई दर का बढ़ने आरबीआई पर और दबाव डाल सकता है और वह ब्याज दरों में कटौती करने से पहले और इंतजार कर सकता है।




चिंतन

# युद्ध नहीं शांति के मार्ग से होगा वैश्विक कल्याण

इस वक्त जब दुनिया मानवता पर संकट पैदा करने वाले युद्ध, क्षेत्रीय संघर्ष, आतंकवाद, कट्टरपंथी हिंसा, सीमा पर विवाद, हथियारों की होड़ और विनाशकारी विकास जैसे तत्वों से गुजर रही है, उसमें भारत इकलौता देश है जो शांति के मार्ग पर चलने का आह्वान कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस कार्यक्रम के दौरान अपने संदेश में दुनिया से भगवान बुद्ध से सीखने, युद्ध से दूर रहने और शांति का मार्ग अपनाने का आह्वान किया। यह पहली बार नहीं है, जब किसी अपने वैश्विक संबोधन में युद्ध छोड़कर शांति की राह पर चलने की अपील की है। विश्व में एक विचारधारा रही है, जिसमें शक्ति प्रदर्शन और दूसरे पर आधिपत्य के लिए युद्ध की पैरवी होती रही है, लेकिन भारत अपने आदिकाल से अपनी वैचारिकता में युद्ध छोड़ शांति को अपनाने का पक्षधर रहा है। तीन वर्ष से रूस व यूक्रेन युद्ध कर रहे हैं, कोई भी हल नहीं निकला है, युद्ध शुरू होने के बाद पीएम मोदी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से जब भी मिले या बात की, जंग छोड़ कर वार्ता करने व शांति स्थापित करने की अपील की, ठीक वैसे ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदोमीर जेलेंस्की के साथ वार्ता में भी युद्ध त्यागने की अपील की। ऐसे ही भारत ने इजराइल से भी युद्ध छोड़ शांति कायम करने की बात कही। अभी इजराइल एकसाथ तीन मोर्चे पर जंग लड़ रहा है। इजराइल हमास, हिज्बुल्ला और हूती जैसे आतंकी गुटों से जंग लड़ रहा है। आतंकवाद वैश्विक खतरा है, यह जानते हुए भी पाकिस्तान, ईरान समेत कई देश आतंकवाद को छद्म युद्ध के लिए बेजा इस्तेमाल करते रहे हैं। आतंकवाद को खाद-पानी देने में कई शक्तिशाली देश शामिल रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र की पहल के बावजूद विश्व से आतंकवाद का खात्मा नहीं हो पा रहा है। विश्व में जहां गरीबी, भुखमरी, बीमारी के खिलाफ सामूहिक प्रयास होना चाहिए, वहां अनेक देश आतंकवाद, हिंसा व डर के ट्रेड में शामिल हैं। भारत ने विश्व को आतंकवाद के खतरे के प्रति हमेशा आगाह किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया के कई क्षेत्रों में जारी युद्ध के बीच भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को अपरिहार्य बताया और दुनिया से युद्ध छोड़कर शांति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए उनसे सीख लेने को कहा। खास बात है कि बौद्ध धर्म को मानने वाले चीन जैसे कई देश सीमा पर तनाव, विस्तारवाद, वैश्विक नियमों का उल्लंघन जैसे कृत्य में शामिल हैं। भारत में विकसित बौद्ध धर्म का विश्व को महान संदेश शांति, अहिंसा और मानवता की सेवा है। आज युद्धग्रस्त, उन्मादग्रस्त, आतंकवादग्रस्त व हिंसाग्रस्त दुनिया को भगवान बुद्ध की शांति व अहिंसा की सीख की अधिक जरूरत है। भारत ने हमेशा सबके साथ वसुधैव कुटुंबकम की भावना की वकालत की है, लेकिन चीन व पाकिस्तान जैसे पड़ोसियों ने लगातार परेशान किया है। भारत के खिलाफ आतंकवाद का इस्तेमाल करने वाला पाकिस्तान आज अलग-थलग है, सीमा पर तनाव पैदा करने वाले चीन की विश्वसनीयता संकटग्रस्त है। 21वीं सदी में विश्व की भू-राजनीतिक परिस्थितियों के चलते दुनिया कई अस्थिरताओं और आशंकाओं से घिरी हुई है। ऐसे में बहुत जरूरी है कि अमेरिका, चीन जैसे देश विश्व में शांति व मानवता की अगुवाई करें, संयुक्त राष्ट्र समेत बड़े वैश्विक मंच विश्व को युद्धमुक्त, हिंसामुक्त, डरमुक्त और आतंकवादमुक्त बनाने की दिशा में काम करें। इस प्रयास में भारत अपनी वैश्विक भूमिका के लिए सदैव तैयार है। किसी भी रूप में वैचारिक व धार्मिक कट्टरता मानवता के शत्रु हैं। मानव का विकास व कल्याण समस्याओं के हल में है।



रक्षा सौदा

डॉ. एल. एस. यादव

# प्रीडेटर ड्रोन से सैन्य बल होंगे ताकतवर

**अमेरिकी रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी 'जनरल एटामिक्स' से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदे जाएंगे। इस खरीद की लागत लगभग 3.99 अरब अमेरिकी डॉलर होगी। इस खरीद का मुख्य उद्देश्य चीन के साथ विवादित सीमाओं पर भारतीय सेनाओं की यौद्धिक क्षमता को बढ़ाना है। प्रीडेटर ड्रोन की खरीद से भारत के शत्रु देश भारत को आंखें दिखाने से डरेंगे। इन ड्रोन की शक्ति से भारत दुश्मनों के नापाक इरादों को तहस-नहस करने में आसानी से सफल होगा क्योंकि ये समुद्र की निगरानी, पनडुब्बी रोधी युद्ध और जमीनी सीमा के उस पार लक्ष्य साधने की भूमिकाएं निभा सकते हैं। भारत मुख्य रूप से सशस्त्र बलों की निगरानी व्यवस्था को बढ़ाने के लिए ये ड्रोन खरीद रहा है।**

भारत ने 15 अक्टूबर को अमेरिका के साथ ड्रोन खरीद के एक बड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए। राजधानी दिल्ली में भारत के शीर्ष रक्षा और रणनीतिक अधिकारियों की उपस्थिति में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह दोनों देशों के बीच सामरिक संबंधों में उल्लेखनीय वृद्धि का प्रतीक है। इसके तहत विदेशी सैन्य बिक्री मार्ग से अमेरिकी रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी 'जनरल एटामिक्स' से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदे जाएंगे। इस खरीद की लागत लगभग 3.99 अरब अमेरिकी डॉलर होगी। इस खरीद का मुख्य उद्देश्य चीन के साथ विवादित सीमाओं पर भारतीय सेनाओं की यौद्धिक क्षमता को बढ़ाना है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की केन्द्रीय समिति (सीसीएस) ने एमक्यू-9बी हंटर किलर ड्रोन की खरीद को मंजूरी प्रदान की थी। प्रीडेटर ड्रोन की खरीद से भारत के शत्रु देश भारत को आंखें दिखाने से डरेंगे। इन ड्रोन की शक्ति से भारत दुश्मनों के नापाक इरादों को तहस-नहस करने में आसानी से सफल होगा क्योंकि ये समुद्र की निगरानी, पनडुब्बी रोधी युद्ध और जमीनी सीमा के उस पार लक्ष्य साधने सहित अनेक प्रकार की भूमिकाएं निभा सकते हैं। भारत विषेश रूप से चीन के साथ विवादित सीमा पर मुख्य रुप से सशस्त्र बलों की निगरानी व्यवस्था को बढ़ाने के लिए ड्रोन खरीद रहा है। ये ड्रोन हवा से जमीन पर सटीक मार करने में अत्यन्त सक्षम हैं।

समझौते के तहत भारतीय नौसेना को 15 सी गार्डियन ड्रोन मिलेंगे तथा भारतीय वायु सेना व थल सेना को आठ-आठ स्काई गार्डियन ड्रोन मिलेंगे। अधिक ऊंचाई पर काम करने वाले ये ड्रोन 35 घण्टे से अधिक समय तक हवा में रहने में सक्षम हैं। ये चार हेलफायर मिसाइलें व 450 किलोग्राम बम ले जाने की क्षमता रखते हैं। इस ड्रोन सौदे की घोषणा जून 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान की गई थी। अमेरिकी कंपनी जनरल एटॉमिक्स से जिस मानवरहित प्रीडेटर ड्रोन एमक्यू-9 बी का समझौता हुआ वह संसार का सबसे उन्नत श्रेणी का ड्रोन है। इस मानवरहित प्रीडेटर ड्रोन एमक्यू-9 बी के दो वर्जन हैं। पहला स्काई गार्डियन और दूसरा सी गार्डियन। एमक्यू-9 बी, सी गार्डियन ड्रोन तीनों सेनाओं के लिए खरीदे जा रहे हैं। ये ड्रोन कई तरह की यौद्धिक भूमिकाएं निभा सकते हैं। इस मानवरहित प्रीडेटर ड्रोन ने अपनी पहली उड़ान दो फरवरी 2001 को भरी थी। यह ड्रोन थर्मोग्राफिक कैमरे और सेंसर से लैस है। इस ड्रोन में मौजूद एक कैमरा तीन किलोमीटर की दूरी पर मौजूद किसी भी वाहन की नम्बर प्लेट तक को पढ़ सकता है। ऑपरेटर के आपात स्थिति में आक्रमण करने के लिए कमान्ड पर यह 1.2 सेकेन्ड में तीन किलोमीटर की दूरी तय कर सकता है। यह घातक मिसाइलों और बमों से शत्रु के ठिकानों पर आसानी से हमला करने में सक्षम है। मानवरहित एमक्यू-9 बी प्रीडेटर ड्रोन की लम्बाई 26 फुट यानि कि लगभग 11 मीटर है। यह 4763 किलोग्राम अधिकतम वजन के साथ उड़ान भर सकता है।

इस ड्रोन में 1769 किलोग्राम ईंधन एक बार में भरा जा सकता है। यह 1746 किलोग्राम भार का पेलोड लेकर उड़ सकता है। यह 500 फीसदी ज्यादा विस्फोटक सामग्री के साथ उड़ान भरने में सक्षम है। यह चार



हेलफायर मिसाइलें, दो लेजर गाइडेड बम व 226 किलोग्राम बारूद ले जा सकता है। यह ड्रोन राडार सिस्टम को चकमा देने में सक्षम है। यह तय समय में हवा तथा पानी में गतिशील लक्ष्य को भी भेदने में अचूक है। इसके पंखों की लम्बाई तकरीबन 66 फुट है। यौद्धिक संक्रिया के समय यह पर्वतीय तथा दुर्गम हालातों में 50000 फुट की ऊंचाई तक सुरक्षित उड़ान भरकर शत्रु को नेस्तनाबूद कर सकता है। अमेरिका की वायु सेना ने वर्ष 2008 में अफगानिस्तान युद्ध के समय 230 किलोग्राम भार वाले बम से दुश्मन के 16 ठिकानों को एक ही उड़ान में ध्वस्त कर दिया था।

इसी तरह 3 जनवरी 2020 को बगदाद हवाई अड्डे पर एमक्यू-9 बी प्रीडेटर ड्रोन की मदद से अमेरिका ने मिसाइल हमले में ईरानी कुर्द फोर्स के कमांडर कासिम सुलेमानी और इराकी पापुलर मैक्लिाइजेशन फोर्स के डिप्टी कमांडर अबू मंहदी अल-मुहाजिस को मार गिराया था। एमक्यू-9 बी ड्रोन लेजर गाइडेड मिसाइलों, एंटी टैंक मिसाइलों और एंटी शिप मिसाइलों से लैस है। यह चार मिसाइलों को एक साथ दागने में सक्षम है। इसकी खासियत यह भी है कि यह एक बार उड़ान भरने के बाद आसानी के साथ 1900 किलोमीटर तक की निगरानी कर सकता है। चीन के साथ-साथ हिन्द महासागर क्षेत्र में सीमा की निगरानी के लिए भारत को ऐसे ही ताकतवर ड्रोनों की महती आवश्यकता है। दरअसल चीन ने हिन्द महासागर के अलावा कई समुद्री इलाकों में अपनी मौजूदगी को बढ़ाया है। चीन अपने जासूसी जहाजों के साथ-साथ उपग्रहों, रॉकेटों और बैलिस्टिक मिसाइलों को तैनात करने की क्षमता रखता है। ऐसे में भारत को इन ड्रोन की विशेष जरूरत थी। अब इनके मिलने से भारत की ताकत पर्वतीय क्षेत्रों में भी बढ़ जाएगी और समय रहते बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया जा सकेगा। यह ड्रोन एमक्यू-9 रीपर का दूसरा वर्जन है। इसका इस्तेमाल काबुल में हेलफायर मिसाइल के एक मोडिफाइड वर्जन को दागने के लिए किया गया था। इसमें अलकायदा प्रमुख अयमान अल जवाहिरी की मौत हो गई थी।

प्रीडेटर ड्रोन एमक्यू-9 बी सी गार्डियन का इस्तेमाल क्वाड समूह के सदस्य चारों देश करते हैं। वर्तमान में भारत एक खुफिया एकत्रीकरण अभियान के हिस्से के रूप में एमक्यू-9 बी ड्रोन का इस्तेमाल कर रहा है। इस ड्रोन की खासियत यह भी है कि इसे मानवीय सहायता, आपदा राहत, खोज तथा बचाव एवं पनडुब्बी रोधी युद्ध में भी उपयोग में लाया जा सकता है। एमक्यू-9 बी सी गार्डियन ड्रोन में एक इन-बिल्ट वाइड-एरिया समुद्री राडार, एक स्वचालित पहचान प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक समर्थन उपाय और एक स्व-निहित एंटी सबमरीन वारफेयर ; एएसडब्लू किट लगी है। दुश्मन क्षेत्र के ठिकानों पर एकदम सटीक निशाना लगाने वाला यह ड्रोन इंटर-किलर यूएवी के नाम से प्रसिद्ध है। पानी की सतह के उपर और अन्दर दोनों ही प्रकार की जगहों की निगरानी व छानबीन के लिए इसमें 80 से ज्यादा जी-साइज के सोनोबॉय लगाए गए हैं। सोनोबॉय वह डिवाइस है जो रेडियो सिग्नल के माध्यम से पानी के भीतर हो रही आवाजों की पहचान करता है। इनकी मदद से प्रीडेटर ड्रोन गहरे पानी में छिपी हुई शत्रु की पनडुब्बियों को आसानी से खोज लेता है और उसके बाद मिसाइलों का उपयोग करके उन्हें नष्ट कर देता है। इन खूबियों वाले ड्रोन से भारतीय सेनाएं काफी ताकतवर हो जाएंगी। गौरतलब है कि इस डील से भारत केवल अपने सैन्य तंत्र को मजबूत नहीं करेगा, बल्कि यह अमेरिका के साथ उसके सामरिक संबंधों को भी मजबूत करेगा। अमेरिका से यह रक्षा सहयोग भारत को वैश्विक सैन्य ताकत के रूप में उभरने में मदद करेगा। वहीं भारत को अत्याधुनिक तकनीक तक पहुंच मिलेगी, जो दीर्घकालिक रक्षा जरूरतों को पूरा करने में सहायक होगी।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विमर्श

डॉ. ज्योत्सना शर्मा




# शास्त्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने की दिशा में सार्थक कदम

पिछले दिनों 3 अक्टूबर 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बंगाली भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने को स्वीकृति दी है। इससे पूर्व तमिल, संस्कृत, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और उड़ीसा भाषा को यह दर्जा प्राप्त है। भारत में मान्यता प्राप्त शास्त्रीय भाषाओं की संख्या अब 11 हो गई है। भारत सरकार ने 12 अक्टूबर 2004 को भाषाओं की एक नई श्रेणी बनाने का निर्णय लिया था जिसमें सबसे पहले तमिल को शास्त्रीय भाषा घोषित किया गया था। इसी के साथ ही किसी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने के संबंध में कुछ मानदंड निर्धारित किए गए जो निम्नलिखित हैं:-(क) इसके आरंभिक में अभिलेखित इतिहास की 1500 से 2000 वर्षों की अवधि में उच्च पुरातनता। (ख )प्राचीन साहित्य/ग्रंथों का एक संघ है जिसे बोलने वालों की पीढ़ियों द्वारा एक मूल्यवान विरासत माना जाता है। (ग) साहित्यिक परंपरा मौलिक होनी चाहिए और किसी अन्य भाषा समुदाय से उधार नहीं ली गई हो। (घ) शास्त्रीय भाषा और साहित्य आधुनिक दौर से अलग होने के कारण शास्त्रीय भाषा और उसके बाद के रूपों या उसकी शाखाओं के बीच एक विसंगति भी हो सकती है।

इसी क्रम में साहित्य अकादमी के अधीन भाषा विज्ञान विशेषज्ञ समिति ने उपरोक्त मानदंडों को संशोधित किया जो इस प्रकार है कि इसकी उच्च पुरातनता 1500 से 2000 वर्षों की अवधि में आरंभिक ग्रंथ/अभिलेखित इतिहास की है। प्राचीन साहित्य ग्रंथों का एक समूह जिसे बोलने वालों की पीढ़ियों द्वारा विरासत माना जाता है। ज्ञान से संबंधित ग्रंथ विशेष रूप से कविता, पुरालेखीय और शिलालेखीय साक्ष्य के अलावा गद्य ग्रंथ। शास्त्रीय भाषाएं और साहित्य अपने वर्तमान स्वरूप से अलग हो सकते हैं या अपनी शाखाओं के बाद के रूपों से अलग हो सकते हैं। भारत की भाषायी विविधता को विशिष्ट पहचान देने हेतु शिक्षा मंत्रालय ने कई कदम उठाए हैं तथा शास्त्रीय भाषाओं को विशेष रूप से बढ़ावा देने की दिशा में अत्यंत सार्थक कदम उठाए हैं। संसद अधिनियम के माध्यम से तीन केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना, केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान की स्थापना इनमें से प्रमुख है। साथ ही शास्त्रीय भाषाओं के संरक्षण और अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए कन्नड़,तेलुगू ,मलयालम और ओड़िया भाषाओं के लिए मैसूर स्थित केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान के तत्वावधान में उत्कृष्ट केंद्र भी स्थापित किए गए थे। प्रौद्योगिकी और डिजिटल तकनीक की मदद से प्राचीन ग्रंथों के संरक्षण, दस्तावेजीकरण, संग्रह, प्रकाशन आदि पर भी लगातार काम किया जा रहा है। जाहिर सी बात है कि आज के बदलते परिवेश में यदि हम अपनी प्राचीन विरासत को शिक्षा के माध्यम से समझाएंगे तो उसके लंबे समय तक बने रहने की संभावना है। हर विश्वविद्यालय में अनुवाद संबंधी केंद्र खोले जाने चाहिए जिनमें इन सभी भाषाओं में लिखे साहित्य का निरंतर अन्य भाषाओं में भी अनुवाद हो। इस प्रकार सभी भारतवासी सामासिक संस्कृति से परिचित होंगे। सभी विद्यालयों में भी संबंधित राज्यों में बोले जाने वाली प्रांतीय और क्षेत्रीय भाषाओं के अध्ययन की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे छात्रों में अपनी भाषा के प्रति सम्मान की भावना पैदा हो सके। वह अपने साहित्य को जान सके और इस परंपरा को आगे बढ़ाने हेतु अपनी भाषाओं में दक्षता प्राप्त कर सकें। ऐसे सभी सार्थक प्रयासों से हम अपनी भाषाओं को लुप्त होने से बचा सकेंगे। यदि हम अपनी भाषाओं में संप्रेषण करेंगे तो वह संप्रेषण अति स्पष्ट होगा, नए-नए विचार हमारे समक्ष आएंगे जिन्हें क्रियान्वित करना सरल होगा। नवाचार को बढ़ावा मिलेगा तथा संवाद से विभिन्न दृष्टिकोण को समझने की क्षमता का विकास होगा। जब संवाद स्पष्ट होंगे तो निर्णय भी सही लिए जाने की संभावना बढ़ जाती है और किसी भी समस्या के निपटान के लिए हल प्राप्त किया जा सकेंगे। अपनी भाषा बोलने वाला हर व्यक्ति आत्मविश्वास से भरा होता है और अच्छे से यह जानता और समझता है कि वह स्वयं को व्यक्त करने में सक्षम है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इसका सबसे अधिक असर हमारे भारत के सभी गांवों में देखने को प्रत्यक्ष रूप से मिलेगा, जहां बड़े अधिकारी जब गांव के लोगों से संवाद करेंगे तो भली-भांति उनकी समस्याओं को समझ सकेंगे, सुन सकेंगे और उनकी समस्याओं का निदान ठीक प्रकार से करेंगे। जरूरत है तो सिर्फ सही दिशा में सही प्रयास करने की, जिससे हम अपने छात्रों को भाषा के ध्वजवाहक के रूप में अग्रसर कर सकें।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## भावनाएं आपकी दोस्त भी और दुश्मन भी



संकलित

दर्शन

जब आपकी भावनाएं सकारात्मक होती हैं, तो आप सत्य के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं लेकिन वही भावनाएं, जब वे उग्र होती हैं, तो आपके मन और शरीर को बर्बाद कर देती हैं। भावनाएं आपकी दुश्मन हैं और साथ ही आपकी दोस्त भी हैं। जो भावना आपको अंदर से इतना कोमल बनाती है, वह आपकी दोस्त है और जो आपको उग्र बनाती है, वह आपकी दुश्मन है...। हालांकि हम शारीरिक रूप से बड़े हो गए हैं, लेकिन हम भावनात्मक रूप से बड़े नहीं हुए हैं। ऐसा लगता है जैसे आप अपनी भावनाओं के शिकार हैं। ओह! मुझे ऐसा लगता है! मुझे वैसा लगता है! क्या करूं? लेकिन आपकी भावनाओं के बारे में बड़ी बात क्या है? वे कल भी वहां थे और फिर से आपके स्थान पर आ गए तो क्या हुआ कभी-कभी आप आसमान में काले बादल देखते हैं, लेकिन स्थान उनका मालिक नहीं होता। यह बस उन्हें आने और जाने देता है। इसी तरह ये भावनाएं आती हैं, कभी सुखद, कभी अप्रिय। आपको उन्हें अस्वीकार कर देना चाहिए। यह पहला कदम है उन्हें आने और जाने दें। सभी भावनाएं लोगों, वस्तुओं और घटनाओं से जुड़ी होती हैं। वस्तुओं, लोगों या रिश्तों को पकडऩा स्वतंत्रता, मुक्ति में बाधा डालता है। बस जांच करें कि आपका मनोबल क्यों गिरता है? ज्यादातर मामलों में, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि किसी ने आपसे कुछ बुरा कहा। क्योंकि उनके पास कुछ कचरा था और उन्हें उसे फेंकना था और आप वहां थे, उसे पकड़ने के लिए तैयार। और एक बार जब आपने उसे पकड़ लिया, तो आप उसे बहुत जोश से पकड़े रहे! जागो!

## मनुष्य का व्यवहार अप्रत्याशित व अनिश्चित




संकलित

प्रेरणा

मनुष्य एक अकेली प्रजाति है, जिसका आहार अनिश्चित है अन्य सभी जानवरों का आहार निश्चित है। उनकी बुनियादी शारीरिक जरूरतें और उनका स्वभाव फैसला करता है कि वे क्या खाते हैं और क्या नहीं, कब खाते हैं और कब उन्हें नहीं खाना होता है किंतु मनुष्य का व्यवहार बिलकुल अप्रत्याशित है, वह बिलकुल अनिश्चितता में जीता है। न ही तो उसकी प्रकृति उसे बताती है कि उसे कब खाना चाहिए, न उसकी जागरूकता बताती है कि कितना खाना चाहिए और न ही उसकी समझ फैसला कर पाती है कि उसे कब खाना बंद करना है। अब जब इनमें से कोई भी गुण निश्चित नहीं है तो मनुष्य का जीवन बड़ी अनिश्चित दिशा में चला गया है लेकिन अगर मनुष्य थोड़ी सी भी समझदारी दिखाए, अगर थोड़ी सी बुद्धि से जीने लगे, थोड़ी सी विचारशीलता के साथ, थोड़ी सी अपनी आंखें खोल ले, तो सही आहार का निर्णय लेना बिलकुल कठिन नहीं होगा। यह बहुत आसान है, इससे आसान कुछ हो भी नहीं सकता। सही आहार को समझने के लिए हम इसे दो हिस्सों में बांट सकते हैं। पहली बातः मनुष्य क्या खाए और क्या न खाए? मनुष्य का शरीर रासायनिक तत्त्वों से बना है, शरीर की पूरी प्रक्रिया रासायनिक है। अगर मनुष्य के शरीर में शराब डाल दी जाए, तो उसका शरीर पूरी तरह उस रसायन के प्रभाव में आ जाएगा, यह नशे के प्रभाव में आ कर बेहोश हो जाएगा। कितना भी स्वस्थ, कितना भी शांत मनुष्य क्यों न हो, नशे का रासायन उसके शरीर को प्रभावित करेगा।

अंतर्मन




आज की पाती

### स्वामी विवेकानंद जी का एकता का मंत्र

हमारे देश में बहुत से महापुरुष हुए हैं। उन्होंने दुनिया को नेक राह पर चलने की शिक्षा दी है। इसके लिए दुनिया का मार्गदर्शन भी किया है। इन्हीं महापुरुषों में से एक थे स्वामी विवेकानंद जी। स्वामी विवेकानंद जी ने विश्व धर्म सम्मेलन में जो भाषण दिया था, उसे आज भी याद किया जाता है और इस पर आज भी दुनिया को बहुत ज्यादा अमल करने की जरूरत है। स्वामी जी का वो भाषण वहां उपस्थित लोगों को इतना पसंद आया था कि उन लोगों ने लगभग 2 मिनट तक लगातार तालियां बजाई थीं। वैसे तो स्वामी जी ने उस भाषण में बहुत सी बातें कही थी, लेकिन विश्व में एकता का जो संदेश उन्होंने दिया, उस पर आज भी विश्व को चलने की जरूरत है।

*- विजय कुमार साहू*

ट्रेंड

### हमें मिला सौभाग्य



पाली सहित हमारी हर भाषा ने राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। हमारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति इनके संरक्षण का माध्यम बन रही है। मुझे खुशी है कि जिस पाली भाषा में भगवान बुद्ध की शिक्षाएं विरासत में विश्व को मिली हैं, उसे क्लासिकल लैंग्वेज का दर्जा देने का सौभाग्य हमें मिला है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### कोटि-कोटि नमन



जीवनदर्शन के प्रतीक रामायण महाकाव्य के रचयिता आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। वाल्मीकि जी की रचनाएं सदैव समाज में समरसता और कर्तव्यबोध के लिए प्रेरित करती रहेंगी।

-अरविन्द केजरीवाल, आप प्रमुख

### वैश्विक बायोटेक हब



बायोटेक उद्योग में क्रांति लाने वाले देश के बेंगलुरु और हैदराबाद शहरों को शीर्ष वैश्विक बायोटेक हब के रूप में देखना अच्छा लगता है।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

### माधुरी एक किंवदंती



किसी नवागंतुक अभिनेता को माधुरी दीक्षित जैसी मेहनत करते कभी नहीं देखा। पता था कि वह सीखने की गहरी भावना के कारण दशकों तक स्टार बनी रहेंगी, जिनसे वह प्यार करती हैं। आज वह एक किंवदंती हैं

-सुभाष घई, फिल्मकार

करंट अफेयर

## उत्तर और दक्षिण कोरिया के बीच बढ़ी टेंशन


उत्तर और दक्षिण कोरिया के बीच सालों से चल रहा तनाव अब और भी गहराता जा रहा है। उत्तर कोरिया ने हाल में संशोधित किए गए अपने संविधान में दक्षिण कोरिया को पहली बार 'शत्रु राष्ट्र' के रूप में परिभाषित किया है। उत्तर कोरिया ने इस बात की पुष्टि की है। उत्तर कोरिया की संसद ने देश के संविधान में परिवर्तन करने के लिए पिछले सप्ताह दो दिन तक बैठक की थी। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने जनवरी में दक्षिण कोरिया को देश का मुख्य शत्रु घोषित करने, शांतिपूर्ण कोरियाई एकीकरण के लक्ष्य को खत्म करने और उत्तर कोरिया की संप्रभुता और क्षेत्र को परिभाषित करने के लिए संविधान में बदलाव का आह्वान किया था। उत्तर कोरिया ने घोषणा की कि 1.4 मिलियन से अधिक नागरिकों ने सेना में शामिल होने के लिए आवेदन किया है। यह घोषणा दक्षिण कोरिया द्वारा पिछले हफ्ते सीमा पार प्योंगयांग विरोधी प्रचार पत्रों के साथ ड्रोन भेजने के जवाब में अपनी दक्षिणी सीमा पर सड़कों और रेलवे लाइनों के एक हिस्से को उड़ाने के एक दिन बाद की गई है। संविधान में उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया को 'शत्रु राष्ट्र' के रूप में परिभाषित किया। हाल में उत्तर कोरिया ने उन सड़कों और रेल संपर्क सुविधाओं को ध्वस्त कर दिया जो अब उपयोग में नहीं हैं और जो कभी उत्तर कोरिया को दक्षिण कोरिया से जोड़ती थीं।



ऑफ बीट

## ब्रिटेन में 400 साल पुराने समुद्री जहाज की खोज शुरू

ट्रेजर हंट गेम के बारे में आपने जरूर सुना होगा और कुछ ने तो यह गेम खेला भी होगा। इसके अलावा कई फिल्में भी ट्रेजर हंट यानि खजाने की खोज पर आधारित हैं। अब इससे जुड़ा एक असल मामला सामने आया है। दरअसल, ब्रिटेन की एक कंपनी लगभग 383 साल पहले कॉर्नवाल के तट पर डूबे अंग्रेजों के एक समुद्री जहाज को ढूंढने का प्रयास कर रही है, जिसमें 421 अरब रुपये का सोना होने की संभावना है। इस अंग्रेजी जहाज का नाम मर्चेंट रॉयल है, जिसे 'एल डोराडो ऑफ द सीज' के नाम से जाना जाता है और इसमें अरबों रुपये का सोना और अन्य कीमती वस्तुएं होने का अनुमान है। कई कंपनियां और लोग इसकी खोज में असफल रहे हैं, लेकिन मल्टीबीम सर्विसेज नामक कंपनी का दावा है कि वह इस जहाज को ढूंढ लेगी। इसके लिए कंपनी पानी के नीचे चलने वाले मानवरहित जहाजों और कई तरह की नई तकनीकों का इस्तेमाल करेगी। कंपनी के अधिकारी निगेल हॉल ने खोज के ऐतिहासिक महत्व पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी खोजे गए खजाने को विरासत कलाकृति माना जाएगा। उन्होंने मेट्रो को बताया कि उनकी खोज सोने के लिए ही नहीं है, बल्कि जहाज का मलबा ही अपने आप में बेशकीमती है, जिसकी कीमत अरबों रुपये हो सकती है।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



### किसानों के लिए सरकार की ये योजनाएं

सरकार उन्नत कृषि के लिए किसानों को हार्वेस्टर खरीदी पर कई योजनाएं लाई है। हार्वेस्टर डीलर कैलाश बरमेचा बताते हैं कि भारत शासन द्वारा कृषकों को आर्थिक समृद्ध करने दो योजनाएं कृषि संचनालय द्वारा संचालित की जाती है। जिसमें बुवाई से लेकर कटाई तक के यंत्र खरीदने होते हैं जिसे कृषक 4 वर्षों तक पुनः विक्रय न करने हेतु बाध्य होता है। द्वितीय योजना बीज निगम द्वारा संचालित होती है जिसमें कृषक सिंगल यंत्र या अप यंत्र खरीद सकता है। इन योजनाओं में लगभग 40 प्रतिशत का अनुदान प्राप्त होता है। इसके अलावा एक योजना ऐसी है जिसमें विभागों से निवृत रखकर शासकीय बैंकों को दायित्व दिया गया है। जिसमें वर्ष भर में लगने वाले मूल पर साढे तीन परसेंट की दर से अनुदान मिलता है। यानी अगर सूत की दर 11:30 परसेंट है तो 3:30 परसेंट अनुदान पश्चात 7:30 परसेंट वार्षिक हो जाती है।

# पंजाब-हरियाणा पर निर्भरता कम, छत्तीसगढ़ के कई किसानों के पास अब खुद का हार्वेस्टर

### दो साल में इन किसानों ने खरीदे हार्वेस्टर

दुर्ग बोरई के किसान सुतीक्षण यादव के पास दो हार्वेस्टर मशीन हो गई है। दो साल पहले एक हार्वेस्टर थी। नगपुरा के रूपेश यादव ने दो और गिरीश साहू ने एक हार्वेस्टर खरीदी है। राजनांदगांव जिले के सोमनी के किसान नेपाल ▶▶|शेष पेज 2 पर

### प्रति एकड़ 2200 से 2500 रुपए कटाई चार्ज

किसान बताते हैं कि हार्वेस्टर दो तरह के होते हैं। पहला ट्रैक्टर इंजन और दूसरा ट्रक इंजन हार्वेस्टर। ट्रैक्टर इंजन हार्वेस्टर की कीमत करीब 23 लाख और ट्रक इंजन वाली हार्वेस्टर की कीमत 33 लाख तक जाती है। हार्वेस्टर से कटाई प्रति एकड़ 2200 रुपए से 2500 रुपए तक है।

देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

अरली वेरायटी की धान फसल तैयार है और दशहरा के बाद उसकी कटाई भी शुरू हो गई है। मजदूरों की कमी और ज्यादा समय लगने की वजह से धान की कटाई हार्वेस्टर से होने लगी है। दुर्ग सहित प्रदेशभर में पंजाब और हरियाणा से आकर इस सीजन में हार्वेस्टर से कटाई का कारोबार चलता रहा है, लेकिन इस बार यहां के कई किसानों ने खुद ही हार्वेस्टर खरीद ली है। अकेले दुर्ग जिले में हर गांव ▶▶|शेष पेज 2 पर

खास खबर

## अकेले दुर्ग जिले में हर गांव के पीछे औसतन दो हार्वेस्टर मशीन



### इस तरह चलता है कारोबार

एक दिन में 10 से 15 एकड़ तक धान की कटाई हो जाती है। यानी 10 एकड़ में 2500 रुपए चार्ज के हिसाब से एक ही दिन में 25 हजार रुपए बनते हैं। सीजन के 60 दिनों में 15 लाख रुपए का कारोबार एक हार्वेस्टर से हो जाता है। खास बात यह है कि हार्वेस्टर चलाने वाले ड्राइवर पंजाब व हरियाणा के ही होते हैं। ये हार्वेस्टर चालक महीने की 70 हजार रुपए सेलरी और प्रति एकड़ 70 रुपए बोनस लेते हैं।



### मजदूरों की दिक्कतों की वजह से बढ़ रहा हार्वेस्टर का चलन

छत्तीसगढ़ की खेती-किसानी में मजदूरों की समस्या आम होती जा रही है। जिसकी वजह से हार्वेस्टर से धान कटाई का चलन हर साल बढ़ता ही जा रहा है। हार्वेस्टर से कटाई करने पर समय भी कम लगता है। दूसरी फसल के लिए खेत जल्दी तैयार हो जाती है। मंझोले और बड़े किसान हार्वेस्टर से ही धान कटाई करवाने लगे हैं। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संघ के महासचिव झबेंद्रभूषण वैष्णव कहते हैं कि मजदूरी की अपेक्षा हार्वेस्टर से कटाई में लागत भी घटती है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अमरावती में 22 से दो दिन के ड्रोन सम्मेलन

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में 22 और 23 अक्टूबर को ड्रोन शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन नागर विमानन मंत्रालय और आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। सम्मेलन में ड्रोन कंपनियां, विदेशी इकाइयां और अन्य संबंधित लोग भाग लेंगे।



### वाहन की चपेट में आने से चार की मौत

**मथुरा।** मथुरा में सड़क हादसे में दो बच्चियों समेत चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना कोसीकलां थाना क्षेत्र के कोसी शेरगढ़ रोड पर नगरिया सतबीसा के पास हुई जब मजदूरों को ले जा रहे पिकअप ट्रक के बिजली के खंभे से टकरा जाने से तार टूट गया।




### अरुण सबरीमला मंदिर के नए 'मेलशांति'

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के सबरीमला मंदिर में वार्षिक तीर्थयात्रा का मौसम शुरू होने से कुछ सप्ताह पहले गुरुवार को एस. अरुण कुमार नंबूदरी को भगवान अयप्पा मंदिर के नए मेलशांति (मुख्य पुजारी) के रूप में चुना गया।



### वाहन खाई में गिरा 12 जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में सीआरपीएफ का एक वाहन गुरुवार को सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया। इस हादसे में 12 जवान घायल हो गए। मध्य कश्मीर जिले के खैगाम इलाके में यह दुर्घटना हुई। घायल कर्मियों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### सलमान की हत्या की साजिश, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की हत्या की कथित साजिश के सिलसिले में नवी मुंबई पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुक्खा उर्फ सुखबीर बलबीर सिंह को नवी मुंबई की एक टीम ने बुधवार को हरियाणा के पानीपत से पकड़ा।



### सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को रखा बरकरार

# 'सुप्रीम' फैसला : असम में अप्रवासियों को नागरिकता देने वाला कानून वैध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि असम समझौता अवैध प्रवास की समस्या का राजनीतिक समाधान है। असम समझौते के अंतर्गत आने वाले लोगों की नागरिकता के मामलों से निपटने के लिए एक विशेष प्रावधान के रूप में नागरिकता अधिनियम में धारा 6ए जोड़ी गई थी। प्रधान न्यायाधीश ने अपना फैसला लिखते हुए धारा 6ए की वैधता को बरकरार रखा और कहा कि असम की भूमि के छोटे आकार और विदेशियों की पहचान कर पाने की लंबी प्रक्रिया के मद्देनजर इस राज्य में प्रवासियों के आने की दर अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने अपनी और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की ओर से फैसला लिखते हुए प्रधान न्यायाधीश से सहमति जताई और कहा कि संसद के पास इस प्रावधान को लागू करने की विधायी क्षमता है। सुप्रीम कोर्ट के बहुमत के फैसले में कहा गया कि असम में प्रवेश और नागरिकता प्रदान करने के लिए 25 मार्च, 1971 तक की समय सीमा सही है। सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए के संबंध में कहा कि किसी राज्य ▶▶|शेष पेज 2 पर

*सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बहुमत का फैसले सुनाते हुए नागरिकता अधिनियम की उस धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा जो एक जनवरी, 1966 से 25 मार्च, 1971 के बीच असम आए प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करती है।*

### क्या है नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए

धारा 6ए नागरिकता अधिनियम, 1955 का एक महत्वपूर्ण प्रावधान है, जिसे असम समझौते के तहत लागू किया गया था। यह प्रावधान 24 मार्च, 1971 से पहले असम में प्रवेश करने वाले अप्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करता है। असम में लंबे समय से अवैध अप्रवासियों की समस्या रही है, विशेषकर पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से। 1985 में ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन और भारत सरकार के बीच हुए असम समझौते के बाद धारा 6ए को कानून में जोड़ा गया था। इसका उद्देश्य असम में रहने वाले "विदेशियों" की पहचान और उनके नियमन को स्पष्ट करना था।

### 4:1 से बहुमत पर फैसला, न्यायमूर्ति पारदीवाला ने जताई असहमति




### दो प्रमुख कट-ऑफ तिथियां निर्धारित

**पहला:** 1 जनवरी 1966 से पहले असम में प्रवेश करने वाले सभी भारतीय मूल के व्यक्तियों को नागरिकता प्रदान की जाएगी।

**दूसरा:** 1 जनवरी 1966 से 24 मार्च 1971 तक असम में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों को नागरिकता दी जाएगी, लेकिन इन्हें 10 साल तक चुनाव में मतदान करने का अधिकार नहीं होगा। 24 मार्च 1971 के बाद आने वालों को अवैध अप्रवासी माना जाएगा।

### 17 याचिकाओं पर सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने कुल 17 याचिकाओं पर सुनवाई की सुप्रीम कोर्ट ने असम नागरिकता मामले को लेकर 17 याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान धारा 6A के खिलाफ याचिकाओं पर श्याम दीवान और सोमिरन शर्मा अखिल असम अहोम एसोसिएशन की ओर से पेश हुए। के.एन. चौधरी असम संयुक्त महासंघ की ओर से उपस्थित हुए। विजय हंसारिया प्रणव मजूमदार की ओर से पेश हुए। धारा 6ए के पक्ष में केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, एडवोकेट स्नेहा कलिता और असम सरकार की ओर से एडवोकेट शुवोदीप रॉय उपस्थित हुए। मालविका त्रिवेदी अखिल असम छात्र संघ की ओर से उपस्थित हुईं। संजय आर हेगड़े और अदील अहमद असम सांख्य लघु संग्राम परिषद की ओर से पेश हुए।

### जस्टिस सूर्यकांत बोले- जियो और जीने दो

इस कानून पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हमारा सिद्धांत है जियो और जीने दो। हमने धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है। हम किसी को अपने पड़ोसी चुनने की अनुमति नहीं दे सकते। यह उनके भाईचारे के सिद्धांत के खिलाफ है।

# गाजा में मारा गया हमास चीफ याह्या सिनवार

### इजराइल पीएम ने की पुष्टि



एजेंसी ▶▶| दीर अल बलाह

इजराइल के विदेश मंत्री ने पुष्टि की है कि गाजा में इजराइली सैनिकों ने हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार को मार गिराया है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पुष्टि की है कि हमास प्रमुख सिनवार मारा गया है। नेतन्याहू ने अपने सहयोगियो को निर्देश दिया है कि वे इजराइल के बंधकों के परिजनों को हमास प्रमुख की मौत के बारे में सूचित करें। सिनवार पिछले साल इजराइल पर हमले का मुख्य साजिशकर्ता था, जिसके बाद हमास-इजराइल के बीच भीषण जंग शुरू हुई। सिनवार एक साल पहले इजराइल-हमास युद्ध की शुरुआत से ही इजराइल की ओर से जारी सर्वाधिक वांछित लोगों की सूची में सबसे ऊपर था।

### कौन था याह्या सिनवार?

याह्या सिनवार गाजा पट्टी में हमास का शीर्ष नेता है। इजराइल में 7 अक्टूबर को हुए हमास के हमले का मास्टरमाइंड भी याह्या सिनवार को माना जाता है। सिनवार को गाजा का सबसे ताकतवर नेता माना जाता है। वह इजराइल की कैद में रह चुका है और करीब 24 साल जेल में बिता चुका है। इजराइली सैनिक गिलाद शालित के बदले में इजराइल की जेल से 1027 फलस्तीनी कैदी रिहा किए गए थे, उन्हीं कैदियों में याह्या सिनवार भी शामिल था। सिनवार ईरान का करीबी है और हमास के कट्टरपंथी समूह का नेतृत्व करता है।

### क्या है पूरा मामला

दरअसल, इजरायली सैनिकों ने गाजा की एक इमारत पर बुधवार को हमला किया था। इसमें तीन लोग मारे गए थे। सैनिकों ने गुरुवार को इमारत में प्रवेश किया तो उन्हें पता चला कि एक मृत शख्स सिनवार की तरह दिखता है। तभी से ये अटकलें तेज हो गई हैं कि सिनवार की मौत हो गई है।

# गांव में घुसा हाथियों का दल खदेड़ने ट्रैक्टर पर सवार होकर निकले ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

जिले में बीती रात हाथियों का एक बड़ा दल गांव के करीब पहुंच गया। इसके बाद गांव के ग्रामीण एकजुट होकर मशाल जलाकर पटाखे फोड़कर एवं ट्रैक्टर पर बैठकर हो हल्ला कर हाथियों को भगाया। इसका एक वीडियो सामने आया है। जानकारी के मुताबिक हाथियों के हमले में लकड़ी तोड़ने जंगल जा रहे और मछली पकड़ने तालाब की ओर जा रहे दो ग्रामीण बुरी तरह घायल हो गए है। वहीं खबर है कि गुरुवार को सारंगढ़ में हाथी के हमले से संतराम बरिहा नामक ग्रामीण की मौत हो गई।

- दो ग्रामीणों को किया घायल, सारंगढ़ में एक की ली जान

बताया जा रहा है कि रायगढ़ वन मंडल के घरघोड़ा रेंज में कल शाम बटुराकछार के जंगल लकड़ी लेने गए घसिया राम ▶▶|शेष पेज 2 पर

### अचानक पहुंचा 35 हाथियों का दल

रायगढ़ वन मंडल के बिलासखार, डेहरीडीहि एवं पाकादरहा गांव के करीब बीती रात तकरीबन 35 हाथियों का दल अचानक पहुंच गया। जिसके बाद गांव में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। हाथियों से अपनी बेशकीमती फसल के अलावा अपने मकानों को बचाने गांव के ग्रामीण इकजुटे हुए और फिर कुछ ग्रामीण जहां हाथों में मशाल जलाकर एवं पटाखे फोड़कर हाथी को भगाने का प्रयास किया तो वहीं कुछ ग्रामीण ट्रैक्टर से ही हो हल्ला करते हुए हाथियों के दल को दौड़ाना शुरू कर दिया।

### रात में गांव के करीब पहुंचे हाथी

गांव के ग्रामीणों ने बताया कि रात के समय हाथियों का बड़ा दल उनके गांव के करीब पहुंच गया था, जिसके बाद देर रात भेंगारी से बिलासखार रोड पर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया था। साथ ही उन्होंने इस मामले की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी। जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर हाथियों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। साथ ही साथ ग्रामीणों को हाथियों से दूरी रहने की हिदायत भी दी गई है।

## पटरी से उतरी लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस



- इंजन समेत 8 डिब्बे पटरी से उतरे
- अगरतला से मुंबई जा रही थी लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस
- रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को जारी किए हेल्पलाइन नंबर
- असम में रूट बाधित

**गुवाहाटी/नई दिल्ली।** असम के दीमा हसाओ जिले के डिबालोंग स्टेशन पर अगरतला-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस के आठ डिब्बे पटरी से उतर गए। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अब तक किसी के हताहत होने या गंभीर रूप से घायल होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि अपराह्न तीन बजकर 55 मिनट पर हुए इस हादसे का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। पटरी से उतरे डिब्बों में ट्रेन का 'पावर कार' (जनरेटर वाला हिस्सा) और इंजन शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि लुमडिंग-बदरपुर एकल लाइन पहाड़ी खंड पर ट्रेनों का परिचालन स्थगित कर दिया गया है।

### ईडी दफ्तर पहुंची अभिनेत्री

# महादेव एप मामले में ईडी ने की अभिनेत्री तमन्ना से पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। तमन्ना को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। गुवाहाटी के ईडी दफ्तर में तमन्ना भाटिया से पूछताछ की है। रिपोर्ट के अनुसार तमन्ना को ईडी ने महादेव ऑनलाइन गेमिंग एप पर इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल मैचों को अवैध रूप से देखने को बढ़ावा देने के आरोप में तलब किया गया था।



### सट्टा लगानी वाली एप

फेयरप्ले एप बेसिकली एक सट्टा लगानी वाली एप है, जिसमें कई तरह के गेम्स हैं। फेयरप्ले महादेव ऑनलाइन गेमिंग ऐप की ही एक सिस्टर एप्लिकेशन है, जो क्रिकेट, पोकर, बैडमिंटन, टेनिस, फुटबॉल कार्ड गेम और चांस गेम जैसे कई लाइव गेमों में अवैध सट्टेबाजी के लिए प्लेटफॉर्म देती है।

### रेलवे बोर्ड ने 120 दिनों की समय सीमा घटाई

# रेलवे में अब दो महीने पहले ही रिजर्वेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रेलवे बोर्ड ने सीटों की अग्रिम आरक्षण अवधि को मौजूदा 120 दिनों से घटाकर 60 दिन कर दिया है। नयी व्यवस्था एक नवंबर, 2024 से प्रभावी होगी। रेलवे बोर्ड के 16 अक्टूबर, 2024 के परिपत्र में कहा गया है, यह निर्णय लिया गया है कि एक नवंबर 2024 से ट्रेनों द्वारा अग्रिम आरक्षण की मौजूदा समय सीमा 120 दिनों से घटाकर 60 दिन (यात्रा की तारीख को छोड़कर) कर दी जाएगी।

### पुरानी बुकिंग पर कोई असर नहीं

रेलवे मंत्रालय ने साफ किया है कि 1 नवंबर से पहले की गई सभी बुकिंग पर इस नए नियम का कोई असर नहीं पड़ेगा। यानी, 31 अक्टूबर 2024 तक जो भी टिकट बुक किए गए हैं, वे पहले की तरह ही मान्य रहेंगे। इसके साथ ही विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों के एडवांस बुकिंग पीरियड में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है।




**विदेशी पर्यटकों की सीमा में बदलाव नहीं:** बोर्ड के परिपत्र में कहा गया, ताज एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस आदि जैसी कुछ दिन के समय चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के मामले में कोई बदलाव नहीं होगा, जहां अग्रिम आरक्षण के लिए कम समय सीमा वर्तमान में लागू है। इसमें कहा गया है कि विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की सीमा के मामले में भी कोई बदलाव नहीं होगा। रेल मंत्रालय ने 25 मार्च 2015 को एआरपी को 60 दिनों से बढ़ाकर 120 दिन किया था।

### कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए नहीं होगा बदलाव

रेलवे ने यह भी साफ किया कि कुछ विशेष डे-टाइम एक्सप्रेस ट्रेनों जैसे ताज एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस आदि के लिए पहले से मौजूद छोटे एडवांस रिजर्वेशन पीरियड में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इन ट्रेनों के लिए पहले की तरह ही कम समय में टिकट बुकिंग जारी रहेगी। यह बदलाव रेलवे के ऑपरेशंस और यात्रियों की यात्रा करने की प्लानिंग पर असर डाल सकता है।

### न्यायमूर्ति संजीव खन्ना होंगे नए सीजेआई!

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने केंद्र को सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना के नाम की सिफारिश कर अपने उत्तराधिकारी की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने बुधवार को न्यायमूर्ति खन्ना को अपनी सिफारिश का पत्र सौंपा था। न्यायमूर्ति खन्ना 11 नवंबर को भारत के 51वें प्रधान न्यायाधीश बनेंगे। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत हुए न्यायमूर्ति खन्ना 13 मई, 2025 को सेवानिवृत्त होंगे।



# ट्रूडो की कथनी, करनी में फर्क, लॉरेंस गैंग के बारे में पहले ही बताया था

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





भारत और कनाडा के बीच जारी कूटनीतिक तनाव पर विदेश मंत्रालय ने कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बयानों को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमने प्रधानमंत्री ट्रूडो की 'वन इंडिया पॉलिसी' को लेकर की गई टिप्पणियों को देखा है, लेकिन जिन मुद्दों पर हमने कार्रवाई की मांग की थी, उन पर अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। उनकी कथनी और करनी में बड़ा अंतर है।' विदेश मंत्रालय ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग को लेकर कनाडा द्वारा की गई आपत्तियों पर भी बयान दिया। जायसवाल ने आगे कहा, 'हमने कनाडा को कुछ अनुरोध भेजे थे, जिनमें लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्यों की गिरफ्तारी करने को कहा था, लेकिन अब तक हमारी मुख्य चिंताओं पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसमें राजनीतिक उद्देश्य भी छिपे हुए हैं।' ट्रूडो ने दावा किया था कि भारतीय राजनयिक उन कनाडाई लोगों के बारे में जानकारी एकत्र कर रहे थे जो नरेंद्र मोदी सरकार से असहमत हैं और इसे भारत सरकार के उच्च स्तरीय अधिकारियों और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह जैसे आपराधिक संगठनों तक पहुंचा रहे थे।

### 26 प्रत्यर्पण के अनुरोध भेजे, सभी पेंडिंग

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'हमने कनाडा को 26 प्रत्यर्पण के अनुरोध भेजे और सभी पेंडिंग हैं। ये पिछले एक दशक या उससे अधिक समय से पेंडिंग पड़े हैं। इसके साथ ही कुछ अपराधियों की अनंतिम गिरफ्तारी के कई अनुरोध भी कनाडा की ओर से पेंडिंग हैं।

### सभी आरोपों पर हमने किया अपना रुख साफ

कनाडा द्वारा भारतीय राजनयिकों पर लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए जायसवाल ने कहा, 'हमने इस मुद्दे पर अपना पक्ष बहुत स्पष्ट कर दिया है। बीते दो दिनों में कई प्रेस विज्ञप्तियां जारी की गई हैं जिनमें हमने अपना रुख साफ किया है। सितंबर 2023 से अब तक कनाडा सरकार ने हमारे साथ कोई भी सबूत साझा नहीं किया है। हाल ही में सार्वजनिक सुनवाई के बाद भी कनाडा (के पीएम) ने गंभीर आरोप लगाए, लेकिन इसके समर्थन में कोई ठोस साक्ष्य पेश नहीं किया। प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा दिए गए बयानों से इन आरोपों की वास्तविकता पर भी सवाल उठता है। हमारी स्थिति बिल्कुल स्पष्ट है, हम इन झूठे आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हैं। हम अपने राजनयिकों के खिलाफ झूठे आरोपों को खारिज करते हैं।'

### अमेरिका बोला- पन्नू मामले में भारत की जांच से संतुष्ट

अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर हो रही जांच में भारत की तरफ से सहयोग किया जा रहा है, उससे वे संतुष्ट हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि भारतीय अधिकारी हमें अपनी जांच का अपडेट दे रहे हैं और हम अपनी जांच का अपडेट उन्हें दे रहे हैं। पन्नू मामले में जांच को लेकर भारतीय टीम वॉशिंगटन में है। मिलर ने गुरुवार को प्रेस ब्रीफिंग में ये भी बताया कि जिस शख्स पर अमेरिका में पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था, अब वह भारत सरकार का कर्मचारी नहीं है।

# भारत में ही हैं हसीना, अरब भागने की खबर अफवाह

## गिरफ्तारी वारंट के बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने दिया अपडेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद 5 अगस्त को प्रधानमंत्री शेख हसीना भागकर दिल्ली आ गई थीं। इसके बाद वो गाजियाबाद में शॉपिंग करती दिखी थीं। लेकिन तब से उनके बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई। इस बीच कुछ रिपोर्ट्स में उनके सऊदी अरब भाग जाने की बात कही जा रही थी। अब भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री सुरक्षा की वजह से दिल्ली आई थीं। अभी भी वो दिल्ली में ही हैं। बता दें कि बांग्लादेश में शेख हसीना के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया गया है।

*याचिकाकर्ता ने की 2 महीने में पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग*

# जम्मू-कश्मीर स्टेटहुड का मामला सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर को दो महीने में पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। एडवोकेट गोपाल शंकर नारायण ने जहूर अहमद भट और खुर्शीद अहमद मलिक की ओर से यह याचिका लगाई है। CJI डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि वे इस पर सुनवाई करेंगे। याचिका में कहा गया है कि अनुच्छेद 370 पर सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जम्मू-कश्मीर को जल्द ही पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन दिया था। हालांकि मामले में फैसला आने के 10 महीने बाद भी केंद्र सरकार ने अब तक इस पर कोई कदम नहीं उठाया। अनुच्छेद 370 हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला 11 अगस्त, 2023 को आया था।

**यह संघवाद की मूल विशेषता का उल्लंघन :** याचिका में कहा गया है कि यह संघवाद की मूल विशेषता का उल्लंघन है। यह जम्मू-कश्मीर के लोगों के अधिकारों को प्रभावित करता है। इसलिए कोर्ट केंद्र सरकार को जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के निर्देश दे। केंद्र सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के साथ ही प्रदेश का पूर्ण राज्य का दर्जा खत्म करते हुए उसे दो यूनियन टेरिटरी (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) में बांट दिया था।

### केंद्र ने यह कहा था पिछले साल

केंद्र ने 5 अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 को खत्म कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ दाखिल 23 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई थी। 29 अगस्त, 2023 को आर्टिकल 370 खत्म करने के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि राज्य को दो अलग यूनियन टेरिटरी में बांटने का कदम अस्थायी है। लद्दाख यूनियन टेरिटरी ही रहेगा, लेकिन जम्मू-कश्मीर को जल्द ही फिर से राज्य बना दिया जाएगा।







72198 21111 | BAJAJ SECURE | pine labs PAY LATER | HDFC BANK INSTANT CASHBACK UP TO ₹ 5 000 ON CREDIT CARDS*

*नियम और शर्तें लागू. *ऑफ़र्स केवल चुनिंदा वैरिएंट्स पर ही उपलब्ध. ऑफ़र 15 नवंबर 2024 तक ही वैध. बजाज ऑटो के पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी या सभी ऑफ़र्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. मॉडल पर निर्भर करते हुए ₹10,000 तक की *बचत में ₹5000* तक का कैशबैक और ₹5000* एचडीएफ़सी कार्ड कैशबैक शामिल है. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एएमसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है. कैशबैक ऑफ़र एचडीएफ़सी क्रेडिट कार्ड्स के ईएमआई ट्रांज़ेक्शन्स पर केवल पाइन लैब्स मशीन्स पर ही 15 अक्टूबर 2024 तक उपलब्ध है. ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म्स पर ऑफ़र्स उनके नियम और शर्तों के अधीन हैं.

**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Raipur:** Ashram Chowk (GE Road) VANDANA BAJAJ 7714083955,9713540079, Telibandha 7714083955•Devpuri Raipur ARUN BAJAJ 9770420235 • **Baloda Bazar** ARUN BAJAJ 90009399506 • **Bhatapara** ARUN BAJAJ 7828353259 • **Bhilai** AVN BAJAJ 7884252700, 9644066266 • **Durg** VENKATESH BAJAJ 4060122,8982005707 • **Dhamtari** TIRUPATI BAJAJ 9516872343, 7987872343 • **Kanker** TIRUPATI BAJAJ 7587841176 • **Bhanupratappur** TIRUPATI BAJAJ 9977911298 • **Jagdalpur** T M BAJAJ 9986433880, 9425592466 • **Mahasamund** BHAWANI BAJAJ 9424205048, 224789 •**Saraipali** BHAWANI BAJAJ 9424211576 • **Rajnandgaon** KAKKAD BAJAJ 9301111111 **Dongargarh** KAKKAD BAJAJ 9028597765 • **Kawardha** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906 **Pandatarai** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906. **Authorised Service Centre:** Abhanpur 9425510725, Ahiwara 8719067333, Ambagarh Chowki 9111155511, Arang 8224026403,8770906243, Bagbahara 9926161553, Balod 9770186691, Bakhara 7000627684, Basna 9753408127, Bemetra 8319906176, Berla 9644045882, Chandrakhuri 9826764123, Charama 9406445493, Charoda 990744880, Chhuriya 7999113621, Dallirajhara 9589956199, , Dantewada 9425594844, Dongargaon 8770405245, Farasgaon 9986433880 , Gariyaband 7777888487, Gidhori 9425202238, Gunderdehi 9752027700, Jhalap 9753559579, Kasdol 9826142260, Keshkal 9986433880, Khairagarh 7470888488, Komakhan 8319131967, Kondagaon 9986433880, Kurud 7470499500, Nagri 9109099900, Nawagarh 9981235777, Nayapara 9826433867,8602057777, Pakhanjur 9425593572, Pandaria 7470991444, Patan 9752756264, Pirda 9977377533, Pithora 9713118410, Rajim- 8602057777, Risali 9098847683, Sankra 8120008091, Sargaon 700079773, Singhanpur 9713848382, Tilda 9329068989, Tendukona 9425512175 , Utai 7879043998.

# परसा कोल ब्लॉक परियोजना

# पेड़ों की कटाई के दौरान हमला आठ पुलिसकर्मी हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर



परसा कोल ब्लॉक परियोजना को लेकर चल रही पेड़ों की कटाई के बीच आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर हमला कर दिया। इस घटना में निरीक्षक समेत आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। वहीं स्थिति को नियंत्रित करने के दौरान पुलिस की कार्रवाई में कुछ ग्रामीणों को भी चोटें आई हैं। राजस्थान राज्य विद्युत वितरण कंपनी को तीन खदाने आवंटित हैं जिसमें से सिर्फ पीईकेबी खदान में 2013 से उत्खनन चल रहा है। वहीं परसा ईस्ट केते बासेन कोल ब्लॉक के लिए ग्राम सभा और जन सुनवाई की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पेड़ों की कटाई का कार्य शुरू हो गया है। इस दौरान विरोध के मद्देनजर पुलिस बल तैनात किया गया था। पेड़ों की कटाई के दौरान साल्ही, घाटबर्रा, सूरजपुर जिले के जनार्दनपुर सहित आस पास के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे। विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने पुलिस पर हमला करना शुरू कर दिया जिससे लगभग 8 पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने समय रहते लाठी भांजकर स्थिति को नियंत्रित किया। इस घटनाक्रम में कुछ बाहरी तत्वों की सक्रियता पर भी सवाल उठे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब पीईकेबी खदान से 10 हजार लोगों को प्रत्यक्ष एवं प्रत्यक्ष रोजगार से मिल रहा है। ऐसे में इस क्षेत्र के विकास को बाधित करने वालों पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस संबंध में प्रशासन को एक ज्ञापन भी सौंपा गया है।

## नियंत्रण में स्थिति

प्रदर्शनकारी तीर, धनुष, टांगी, गुलेल, पत्थर लेकर आए थे। ग्रामीणों के हमले में 8 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। फिलहाल घायलों की स्थिति सामान्य है। ग्रामीणों की ओर से एक वीडियो वायरल किया जा रहा है जिसके एक ग्रामीण को धारदार हथियार से चोट लगने की बात कही जा रही है लेकिन पुलिस के पास कोई भी धारदार हथियार नहीं था। ग्रामीण ही तीर धनुष व हथियार लेकर आए थे। शाम होने के बाद पेड़ों की कटाई रूक गई है। पुलिस ने धैर्य से काम लिया है और स्थिति नियंत्रण में है। इस घटना की जांच की जाएगी और जांच के बाद एफआईआर दर्ज किया जाएगा।
- योगेश पटेल, एसपी सरगुजा

# चौथे दिन में भी मिली धमकियां

# मुंबई आने वाली दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में बम की धमकी, हड़कंप

एजेंसी ▶▶| मुंबई





घरेलू विमानन कंपनियों की उड़ानों को बम की धमकी मिलने का सिलसिला चौथे दिन भी जारी रहने के बीच इसी तर्ज पर गुरुवार को विस्तारा और इंडिगो एयरलाइंस की दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे पहले इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा की सात उड़ानों में बुधवार को बम होने की धमकी मिली थी। एयरलाइन के अनुसार, जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से मुंबई आ रहे विस्तारा एयरलाइन के एक विमान को, बम की धमकी मिलने के बाद बृहस्पतिवार को आपात स्थिति में मुंबई हवाई अड्डे पर उतारा गया। उसने बताया कि बोइंग 787 विमान को अनिवार्य सुरक्षा जांच करने के लिए अलग स्थान पर खड़ा कर दिया गया है। विमान में यात्री और चालक दल के सदस्यों को मिलाकर कुल 147 लोग मौजूद थे।

## 134 यात्री थे सवार

विस्तारा ने एक बयान में कहा, विमान के उतरने के बाद सभी यात्रियों को इसमें से उतारा गया। अनिवार्य सुरक्षा जांच के लिए विमान को अलग स्थान पर खड़ा कर दिया गया है। हम सुरक्षा जांच पूरी करने के लिए सुरक्षा एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। एक सूत्र ने बताया कि विमान में 134 यात्री और चालक दल के 13 सदस्य सवार थे।

## चांद आकार में 14% बड़ा और 30% ज्यादा चमकीला नजर आया

# दिल्ली, श्रीनगर समेत देशभर में दिखा सुपरमून



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनियाभर में गुरुवार को सुपरमून दिखाई दिया। इस दौरान चंद्रमा का आकार सामान्य से 14% बड़ा दिखाई दिया। चांद 30% ज्यादा चमकीला भी नजर आया। सुपरमून तब होता है, जब पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी सबसे कम हो जाती है। इस वजह से चांद ज्यादा बड़ा और चमकीला दिखाई देता है। इस सुपरमून को देखने पर ऐसा लगा जैसे यह पृथ्वी के करीब आ रहा है। दिल्ली, गुवाहाटी, कश्मीर समेत देश के कई हिस्सों में सुपरमून दिखाई दिया। इस साल यह तीसरा सुपरमून, 15 नवंबर को फिर दिखेगा गुरुवार को चांद पृथ्वी से लगभग 351,519 किमी दूर रहा। जबकि आमतौर पर यह सबसे दूर 4,05,000 किमी और सबसे करीब 3,63,104 किमी होती है। पिछले महीने 18 सितंबर को भी सुपरमून दिखाई दिया था, तब चांद पृथ्वी से 357,485 किमी दूर था। वहीं, साल का पहला सुपरमून 19 अगस्त को दिखाई दिया था। तब चांद धरती से 361,969 किमी दूर रहा था। साल का चौथा सुपरमून 15 नवंबर को देखने को मिलेगा, तब चांद धरती से 361,866 किमी दूर रहेगा।

# कंगना की 'इमरजेंसी' को मिली हरी झंडी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' को आखिरकार सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिल गई है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खबर शेयर करते हुए खुशी जाहिर की है।



एक्ट्रेस ने लिखा है- 'हमें ये अनाउंस करते हुए खुशी हो रही है कि हमारी फिल्म 'इमरजेंसी' को सेंसर से सर्टिफिकेट मिल गया है। हम जल्द ही फिल्म की रिलीज डेट साझा करेंगे। आपके धैर्य और सहयोग के लिए मैं आभारी हूं।' कंगना रनौत ने जैसे ही ये खबर शेयर की फैंस खुशी जाहिर करने लगे और अपना उत्साह शेयर करने लगे।


"RFP for Engagement of Inspection Agency for Conducting Solid & Liquid Waste Management Internal Assessments of Urban Local Bodies for Chhattisgarh"

## STATE URBAN DEVELOPMENT AGENCY

4TH Floor, D Block, Indravati Bhavan (HOD Building), Nava Raipur Atal Nagar, Chhattisgarh, 492002
Phone 0771-2222402,04 Fax 0771/2222409 Email: osd.suda@yahoo.com

**Notice Inviting Tender**

RFP No./9/SUDA/SBM/01/2024/4482 NAVA RAIPUR ATAL NAGAR, DATED 16-10-2024

**Online bids are invited for "RFP for Engagement of Inspection Agency for Conducting Solid & Liquid Waste Management Internal Assessments of Urban Local Bodies for Chhattisgarh"**

State Urban Development Agency (SUDA) is the Mission Directorate for implementation of all Centrally and State Sponsored Schemes of Urban Development in the State. Through this notice SUDA invites online bid "RFP for Engagement of Inspection Agency for Conducting Solid & Liquid Waste Management Internal Assessments of Urban Local Bodies for Chhattisgarh"

| System Tender No. | Name of work | EMD | RFP Document Fee |
|---|---|---|---|
| 159990 | "RFP for Engagement of Inspection Agency for Conducting Solid & Liquid Waste Management Internal Assessments of Urban Local Bodies for Chhattisgarh" | INR 5,00,000/- | INR 10,000/- |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 16/10/2024 18:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

1. All eligible/interested Bidders are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Bidders can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 1800 419 9140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. The RFP can be postponed or cancelled at any time due to administrative reasons and no claim shall be entertained on this account.
4. Modifications/Amendments/Corrigendum, if any shall not be advertised in the newspaper but shall be published in the https://eproc.cgstate.gov.in only. The undersigned reserves the right to change the terms and conditions, select/reject any application without assigning any reason thereof.
5. The eligible bidder may submit their bid online only and only physical submission of Original EMD, RFP document fees, Affidavits, Technical Cover Letter and Power of Attorney as detailed in RFP document.

-SD/-
Chief Executive Officer
State Urban Development Agency,
Chhattisgarh, Nava Raipur Atal Nagar

S-41832/2



## छत्तीसगढ स्टेट पावर डिस्ट्री. कम्पनी लिमिटेड

( छ.रा.वि.मं.की उत्तरदायी कम्पनी )

समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 11 के.व्ही. फीडरों में उचित रखरखाव एवं मेंटेनेंस कार्य हेतु निम्नानुसार दशार्य गये क्षेत्र में विद्युत अवरोध रहेगी। सम्मानीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

**आवश्यकता अनुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।**

| क्र. | दिनांक | सबस्टेशन | फीडर | प्रभावित क्षेत्र | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 18.10.2024 | खेदामारा | सुरडुंग | खेदामारा, सुरडुंग वार्ड 19,20 | 10:00 बजे से 4:00 बजे |
| 2 | 19.10.2024 | मोहंदी | मोहंदी | मोहंदी, रिगंनी, नन्दौरी | 10:00 बजे से 4:00 बजे |
| 3 | 21.10.2024 | मोहंदी | नारधा | नारधा, मुडपार, ओखरा | 10:00 बजे से 4:00 बजे |
| 4 | 22.10.2024 | खेदामारा | नवातरिया बस्ती | नवातरीया, ढौर, खेदामारा | 10:00 बजे से 4:00 बजे |
| 5 | 22.10.2024 | खेदामारा | जामुल | जामुल वार्ड 1,3,4,5,13 | 10:00 बजे से 4:00 बजे |
| 6 | 29.10.2024 | खेदामारा | जामुल | जामुल वार्ड 9,10,7,8,12 | 10:00 बजे से 4:00 बजे |

"स्वहित एवं राष्ट्रहित मे उर्जा बचायें"
"विद्युत देयकों का भुगतान समय पर करें एवं असुविधा से बचें"

कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा)
संभाग छत्ती. स्टेट पावर डिस्ट्री. कम्प. लिमि. अहिवारा

S-41845/2



## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

(छ.ग. शासन का एक उपक्रम) (कार्यालय न.सं.उ., छ.रा.वि.मं. की उत्तरदायी कंपनी)
सी.आई.एल. U40108CT2003SGC015822, पताः क्वा. नं. 5 एवं 6, पावर हाउस कालोनी, सी.एस.ई.बी. कैम्पस, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.) वेबसाईट- www.cspc.gov.in,
ईमेल- eecitynorth.raipur@cseb.gov.in टेलीफोन नं. 0771-2574753

**-:: सूचना ::-**

विद्युत लाईनों / उपकरणों के रख-रखाव लाईन मरम्मत के आवश्यक कार्य हेतु निम्नांकित फीडरों / उपकेन्द्र के सम्मुख दर्शाये गये तिथि एवं समय में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी जिसके समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभव हैं। **असुविधा के लिये खेद हैं।**

| क्र. | दिनांक एवं दिन | समय | उपकेन्द्र का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 18.10.2024 शुक्रवार | सुबह 09:30 बजे से शाम 04:00 बजे तक | 33/11 KV मारूती लाईफ स्टाईल उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. फीडर - 1, फीडर - 2, विला फीडर | मारूती लाईफ स्टाईल एवं संबंधित अन्य क्षेत्र |
| | | | 33/11 KV सिंगापुर सिटी उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. फीडर -1, फीडर - 2, महोबा बाजार फीडर | सिंगापुर सिटी, महोबा बाजार एवं संबंधित अन्य क्षेत्र |
| 2 | 19.10.2024 शनिवार | | 33/11 KV टाटीबंध उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. टाटीबंध फीडर, लक्ष्मी भवन फीडर, सरोरा फीडर, हीरापुर फीडर, पार्थिवी फीडर | रोटरी नगर, गणेश गार्डन, सम्पूर्ण उदया सोसायटी, नैनो टावर, गुरूद्वारा, पंचधाम मंदिर, पप्पू गार्डन, मारूति इन्क्लेव, मारूति स्पेसिफिक, बरसाना, कबीर नगर, भनपुरी रोड, लक्ष्मी भवन, अयप्पा मंदिर एवं संबंधित अन्य क्षेत्र |

**स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाइये ।**

उपभोक्तागण विद्युत शिकायत के लिये विद्युत शिकायत केन्द्र गुढ़ियारी-2593892, खमतराई-2576317, टाटीबंध-2574755, कबीर नगर-2574024, केन्द्रीय काल सेन्टर 1912 में संपर्क कर एवं मोर बिजली एप डाउन लोडकर बिजली संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जनहित में विद्युत आपूर्ति हेतु लगाये गये विद्युत लाईन के नीचे / बगल से भवन/रोड/तालाब का निर्माण करना अवैधानिक हैं। अतः विद्युत सुरक्षा नियमों का पालन करे।

कार्यपालन अभियंता
नगर संभाग उत्तर
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि., रायपुर

S-41823/1



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड दन्तेवाड़ा

(फोन/ फैक्स नं.-07856-252362, ई-मेल - eedan-phe-cg@nic.in)

निविदा सू.क्रं./13-18/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./2024 दन्तेवाड़ा, दिनॉक : 16/10/2024

**// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र "ए" प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की गयी है ।

**कार्य का नाम :- नलकुप खनन का कार्य ।**

| क्रं. | सिस्टम टेण्डर क्रमॉक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 159908 | रिस्क एंड कॉष्ट ग्रुप-01 विकासखण्ड दन्तेवाड़ा में 20 नग नलकुप खनन | 23.69 | 17770.00 |
| 2 | 159909 | रिस्क एंड कॉष्ट ग्रुप-02 विकासखण्ड दन्तेवाड़ा में 19 नग नलकुप खनन | 22.80 | 17100.00 |
| 3 | 159928 | रिस्क एंड कॉष्ट ग्रुपः 01 विकासखण्ड गीदम में 21 नग नलकुप खनन | 23.82 | 17870.00 |
| 4 | 159939 | रिस्क एंड कॉष्ट ग्रुप÷02 विकासखण्ड गीदम में 19 नग नलकुप खनन | 21.85 | 16390.00 |
| 5 | 159942 | रिस्क एंड कॉष्ट विकासखण्ड कटेकल्याण में 38 नग नलकुप खनन | 43.20 | 32400.00 |
| 6 | 159946 | रिस्क एंड कॉष्ट विकासखण्ड कुआकोण्डा में 27 नग नलकुप खनन | 29.67 | 22260.00 |
| | | कुल योग | 165.03 | |

निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है ।

**टीप :- निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनॉक 30.10.2024 है ।**

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
दन्तेवाड़ा

G-242503263/3



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.) जय स्तंभ चौक बेमेतरा

दूरभाष क्र. 07824 - 222019, Email :- ee.bemetara@gov.in

**टेन्ट / शामियाना दर आमंत्रण सूचना**

दर आमंत्रण विज्ञप्ति क्र. 5171 / टेंट / 24-25 / वलेस / बेमेतरा दिनांक 10/10 /24

छत्तीसगढ़ के राज्यपालन की ओर से लोक निर्माण विभाग संभाग बेमेतरा के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 के दौरान समय - समय पर आवश्यक टेन्ट / शामियाना कार्य के लिये पंजीकृत संस्थान (शॉप एक्ट पंजीयन एवं जी. एस. टी पंजीयन ) से निविदा प्रपत्र - बी (आयटम दर निविदा) में निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

1. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 29/10/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. भाव पत्र प्राप्त करने की प्रस्तुत अंतिम तिथि : 06/11/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. भाव पत्र खोलने की तिथि : 08/11/2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे

| | |
|---|---|
| अमानत राशि | रू.2,00,000/- (राष्ट्रीकृत बैंक का एफ.डी.आर.) |
| प्राप्त दर | दिनांक 31.03.2025 तक के लिए मान्य होगा |
| प्रपत्र - मूल्य | रू.750/- |
| स्वीकृत दर | अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग दुर्ग मण्डल दुर्ग का ज्ञाप क्रमांक 1916/सा/2022 दुर्ग दिनांक 13.03.2023 द्वारा स्वीकृत दर (टेंट शामियाना हेतु ) अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग (वि / या) रायपुर मण्डल रायपुर का ज्ञाप क्रमांक 2015 / सा / विविध -09 / 2018-19 दिनांक 27.10.2021 द्वारा स्वीकृत दर (माईक, लाईट हेतु ) ( उपरोक्त दर जी. एस. टी. सहित है) |

टीप :- शेष नियम एवं शर्ते कार्यालय से प्राप्त करें ।

कार्यपालन अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग बेमेतरा
संभाग बेमेतरा

G-242503253/3



## कार्यालय कलेक्टर, महासमुन्द (खनिज शाखा) जिला महासमुन्द, छत्तीसगढ़

Email: miningmahasamund@gmail.com

क्रमांक 1852/क/ख. लि. / ई - निविदा / न. क्र. - 03 /2024 महासमुन्द, दिनांक 14/10/2024

**गौण खनिजों के उत्खनन पट्टा आबंटन हेतु इलेक्ट्रॉनिक - निविदा की सूचना**

Tender NO :- 159846

सर्वसाधारण की जानकारी के लिये यह प्रकाशित किया जाता है कि जिला कार्यालय खनिज विभाग महासमुन्द, छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम - 2015 के नियम 39 क अंतर्गत ई-निविदा के माध्यम से उत्खनन पट्टा आबंटन किया जाना है। जिस हेतु अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदारों को आमंत्रित किया जा रहा है । ई - निविदा हेतु बोली दिनांक 12.11.2024 ( रात्रि 11.59 बजे ) तक जमा की जाएगी। बोलियां मात्र ऑनलाईन ही स्वीकार की जाएगी। ई - निविदा से आबंटित की जा रही उत्खनन पट्टा की जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्र. | जिला / तहसील | ग्राम पंचायत / ग्राम | रकबा (हेक्टेयर में) | खसरा नं. | गौण खनिज का नाम | निविदा दस्तावेज लागत (रूपये में) | निविदा प्रक्रिया शुल्क (रूपये में) | आरक्षित कीमत (रिजर्व प्राईस) रूपये प्रतिटन अथवा आरक्षित कीमत (रिजर्व प्राईस) रूपये प्रति क्यूबिक मी. | बोली प्रतिभूति (बिड सिक्यूरिटी) (रूपये में) | कार्यपालन प्रतिभूति (परफॉर्मेंस सिक्यूरिटी) रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | महासमुन्द / कोमाखान | पतेरापाली/ पतेरापाली | 1.30 | 28/1 का भाग | यांत्रिक क्रिया द्वारा गिट्टी बनाने के लिए पत्थर | 5000.00 | 500.00 | 26.00 | 45000.00 | 225000.00 |

**1.0 महत्वपूर्णः-**

1.1 बोली लगाने वाला प्रत्येक व्यक्ति बोली लगाने के पूर्व उत्खनन पट्टा की स्थिति, उत्खनन पट्टा में नीलाम किये जा रहे खनिज (खनिजों) की उपलब्धता और गुणवत्ता, पहुंच के रास्ते आदि के बारे में पूर्ण रूप से स्वयं को आश्वस्त कर लें। इस संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति / शिकायतें स्वीकार नहीं की जायेगी ।

1.2 इलेक्ट्रॉनिक - निविदा के निबंधन, शर्तें, उत्खनन पट्टा से संबंधित दस्तावेज एवं अन्य सुसंगत जानकारी विभागीय वेबसाईट http://www.chhattisgarhmines.gov.in जिला कार्यालय की वेबसाईट http://www.mahasamund.gov.in तथा कलेक्टर कार्यालय, खनिज शाखा महासमुंद से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकेगी।

( कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित )

खनि अधिकारी
जिला महासमुन्द

G-242503260/2



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड बलरामपुर (छ.ग.)

E-mail : eebalram-phe-cg@nic.in

निविदा क्रं./19/ले. शा. / ज. जी. मि. /का.अ./ लो.स्वा.यां.वि. / 2024
बलरामपुर, दिनांक 16.10.2024

**ऑन लाईन द्वितीय निविदा आमंत्रण**

छत्तीसगढ के राज्यपाल की ओर से जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल प्रदाय योजना के विभिन्न कार्यों के लिए प्रतिशत दर फार्म "अ" में निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सि. नि. क्र. | कार्य की अनुमानित लागत ( रू. लाख में) |
|---|---|
| 159960 | 189.69 |
| 159961 | 69.43 |
| 159962 | 33.93 |
| 159963 | 61.18 |

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवरण यथा धरोहर राशि, बिड वैद्यता की तिथि, कार्य की अवधि, निविदाकार की श्रेणी, एवं कार्यों तथा स्थल संबंधी जानकारी ऑन लाईन ई-प्रोक्युरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 21.10.2024 से देखी जा सकती है तथा निविदा दिनांक 11.11.2024 तक बिड डाली जा सकती है। निविदा में आगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जावेंगे । अतः निविदाकार ऑन लाईन निविदा प्रक्रिया में सतत संपर्क में रहें । अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड बलरामपुर में देखे जा सकते है ।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड - बलरामपुर (छ.ग.)

G-242503259/1



## कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़

स्वास्थ्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, छ.ग. वेबसाईट www.cgdme.in

क्रमांक/Q-1/ संचिशि / नर्सिंग - छात्र / 2024 रायपुर, दिनांक 14.10.2024

**वर्ष 2024 बी.एस.सी. नर्सिंग (B.Sc. Nursing), एम.एस.सी. नर्सिंग (M.Sc. Nursing) पोस्ट बेसिक बी. एस. सी. नर्सिंग (Post Basic B.Sc. Nursing) एवं पोस्ट बेसिक डिप्लोमा इन साईकियाट्रिक नर्सिंग (Post Basic Diploma in Psychiatric Nursing) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पुनः नया ऑनलाईन आवेदन सूचना**

भारतीय उपचर्या परिषद, नई दिल्ली के नोटिफिकेशन क्रमांक F. No. 1-6 / LT / 2024 - INC Dated 20 Sep. 2024(Notification No. 11 of 2024) द्वारा नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि में वृद्धि कर, 31 अक्टूबर, 2024 नियत किया गया है।

जिसके अनुक्रम में प्रदेश के शासकीय एवं निजी नर्सिंग महाविद्यालयों में संचालित बी. एस. सी. नर्सिंग (B.Sc. Nursing), एम.एस.सी. नर्सिंग (M.Sc. Nursing) पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग (Post Basic B.Sc. Nursing) एवं पोस्ट बेसिक डिप्लोमा इन साईकियाट्रिक नर्सिंग (PB Diploma in Psychiatric Nursing) पाठ्यक्रमों के रिक्त सीटों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों से नया ऑनलाईन आवेदन वेबसाईट www.cgdme.in पर आमंत्रित किये जाते हैं, जिसका समय-सारिणी निम्नांकित है :-

| क्र. | प्रक्रिया का विवरण | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन शुल्क | राशि रू. 1000/- (रू. एक हजार मात्र) |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि होने पर संशोधन शुल्क (Edit Fee) का भुगतान कर संशोधन (Edit) किया जा सकता है (आवेदन की अंतिम तिथि तक) | राशि रू. 1000/- (रु. एक हजार मात्र) |
| 3 | ऑनलाईन आवेदन -प्रारंभ तिथि | दिनांक 15.10.2024 (11:00 Hrs ) |
| 4 | ऑनलाईन आवेदन अंतिम तिथि | दिनांक 20.10.2024 (23:59 Hrs तक) (Server Time) |
| 5 | मेरिट लिस्ट जारी | 21.10.2024 |
| 6 | प्रवेश प्रक्रिया (संस्था स्तर पर ) | 22.10.2024 से 25.10.2024 |

भारतीय उपचर्या परिषद नई दिल्ली के द्वारा जारी दिशा-निर्देश एवं छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 एवं संशोधन दिनांक 31 जनवरी, 2022 ( 02 फरवरी, 2022 ) अनुसार पाठ्यक्रमवार पुनः नया पंजीयन हेतु न्यूनतम अर्हता निम्नानुसार रहेगी

| क्र. | पाठ्यक्रम | न्यूनतम अर्हता |
|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. नर्सिंग | 50 परसेंटाईल (व्यापम प्रवेश परीक्षा 2024 में) |
| 2 | एम.एस.सी. नर्सिंग | 20 प्रतिशत (व्यापम प्रवेश परीक्षा 2024 में) |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग | 20 प्रतिशत (व्यापम प्रवेश परीक्षा 2024 में) |
| 4 | पोस्ट बेसिक डिप्लोमा इन साईकियाट्रिक नर्सिंग | प्रावीण्यतानुसार |

काउंसिलिंग, आबंटन एवं अन्य जानकारी संचालनालय चिकित्सा शिक्षा की वेबसाईट www.cgdme.in में उपलब्ध करायी जायेगी। आवेदक वेबसाईट www.cgdme.in का नियमित अवलोकन कर, जानकारी प्राप्त करें ।

**ऑनलाईन पंजीयन आवश्यक जानकारीः-** (1) ऑनलाईन आवेदन करने के पूर्व छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 एवं संशोधन दिनांक 31 जनवरी, 2022 (02 फरवरी, 2022)" का पूर्णतः अध्ययन किया जाना सुनिश्चित करें। (2) ऑनलाईन आवेदन में परिवर्तन करना चाहते है तो, परिवर्तन हेतु एडीट ( Edit ) शुल्क रू. 1000/- (रू. एक हजार मात्र) जमा कर, ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि तक परिवर्तन कर सकेंगे। आवेदन में Edit Option का लाभ लेने पर आपके द्वारा दिये गये ई-मेल एवं मोबाईल नं. अपरिवर्तनीय होगा। (3) स्क्रूटनी एवं प्रवेश प्रक्रिया हेतु छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 के नियम 9 (बीस) का दस्तावेज सूची का अवलोकन करें तथा ऑन-लाईन आवेदन की अंतिम तिथि तक सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध रखें (देखेंः छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 नियम 9 (बीस))। (4) सभी संस्थाओं की रिक्त सीटों को नियमानुसार अनारक्षित बिना संवर्ग में परिवर्तित कर संस्थाओं को सौंपा गया है। अतः सभी संस्थाओं की समस्त रिक्त सीटें अनारक्षित बिना संवर्ग की हैं।

नोट :- 1/ उपरोक्त सूचना में नियम की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई किन्तु सम्पूर्ण प्रवेश प्रक्रिया नियम हेतु, "छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 एवं संशोधन दिनांक 31 जनवरी, 2022 (02 फरवरी,2022)" का अवलोकन करें। 2/ काउंसिलिंग से संबंधित जानकारी हेतु वेबसाईट www.cgdme.in का नियमित अवलोकन करें।

(आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा अनुमोदित )

(डॉ. प्रवीण बंजारे)
अध्यक्ष काउंसिलिंग समिति
(नर्सिंग पाठ्यक्रम) संचालनालय
चिकित्सा शिक्षा

G-242503249/2



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
**( प्रथम आमंत्रण)**

दिनांक 15.10.2024

निम्नांकित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा "डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 04.11.2024 है।

| एन.आई.टी क्र / निविदा क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत ( लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT NO. 382 Tender No. 159937 | बलौदाबाजार अनुविभाग में सखी वन स्टॉप सेन्टर कार्यालय भवन का निर्माण कार्य । | रू. 53.50 लाख |
| NIT NO. 383 Tender No. 159938 | भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न मार्ग एवं पुल पुलिया का विशेष मरम्मत का कार्य । | रू. 39.98 लाख |
| NIT NO. 384 Tender No. 159941 | कसडोल अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न मार्ग एवं पुल-पुलिया का विशेष मरम्मत का कार्य । | रू.30.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है । (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेकजर - 3 का शपथ पत्र, बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़
आपकी थी चाह हमने बनाई राह

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)

G-242503247/2



## कार्यालय, अस्पताल अधीक्षक, राज्य मानसिक चिकित्सालय ग्राम सेंदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.),

Email-smhsbsp.cg@gmail.com

क्रमांक / सफाई. निविदा/2024/2372 बिलासपुर दिनांक-16/10/2024

**// प्रथम निविदा प्रपत्र //**

Out Sourcing से राज्य मानसिक चिकित्सालय, सेंदरी, बिलासपुर, के सफाई कार्य कराने हेतु निविदा।

| | |
|---|---|
| निविदा कार्य | राज्य मानसिक चिकित्सालय, सेंदरी, बिलासपुर (छ.ग.) के सफाई कार्य आउट सोर्सिंग से कराये जाने हेतु निविदा 2024-25 आदेश जारी होने के दिनॉक से एक वर्ष के लिए (अवधि 01 वर्ष) |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | रु. 1000/- (रु. एक हजार) (कार्यालयीन दिवस में चिकित्सालय के भण्डार शाखा में नगद जमा कर फार्म क्रय किया जाना है, एवं राशि वापसी योग्य नहीं है) |
| निविदा फार्म की विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 06.11.2024 (बुधवार) दोपहर 2:00 बजे तक |
| निविदा फार्म जमा करने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय | दिनांक 18.11.2024 (सोमवार) दोपहर 12:00 बजे तक (केवल रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट से ही स्वीकार किये जायेंगे, कार्यालय में निविदा सीधे निविदा स्वीकार नहीं किये जाएगें) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 18.11.2024 (सोमवार) दोपहर 01:00 बजे |
| निविदा धरोहर राशि | रुपये 50,000/- (रू. पचास हजार मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक का अस्पताल अधीक्षक, राज्य मानसिक चिकित्सालय, ग्राम-सेंदरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के नाम से देय। |
| निविदा प्राप्त करने एवं जमा करने हेतु निर्धारित स्थान | कार्यालय अस्पताल अधीक्षक, राज्य मानसिक चिकित्सालय, ग्राम-सेंदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) |

**नोटः-** निविदा की शर्तें एवं दरों हेतु प्रारूप निविदा फार्म के साथ दी जावेगीं। इसके आलावा निविदा संबंधी समस्त जानकारी कलेक्टर, बिलासपुर जिला के वेब साईट www.bilaspur.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन की जा सकती है।

अस्पताल अधीक्षक
राज्य मानसिक चिकित्सालय
ग्राम सेंदरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

G-242503256/3



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-सुकमा, छ.ग. (जिला, जल एवं स्वच्छता मिशन, जिला- सुकमा)

**"ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना"**

नि. क्र. 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20 / नि.प्र./ जे जे एम/ डी.डब्ल्यू.एस.एम./ लो.स्वा.यां.ख. / सुकमा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जल-जीवन मिशन के तहत शेडयूल अनुसार 150 मि.मि. व्यास, 120 मीटर गहरा नलकुप खनन कार्य हेतु प्रपत्र "ए" में ऑनलाईन Online निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | निविदा क्रं. / सिस्टम क्रमांक | लागत (लाख में) | ग्राम/विकासखण्ड/रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | 13/159877 | 20.80 | एतराजपाड़ / कोण्टा / तृतीय निविदा |
| 2 | 14/159892 | 44.12 | गोन्दपल्ली/कोण्टा / तृतीय निविदा |
| 3 | 15/159893 | 54.90 | तोंगगुड़ा/कोण्टा / तृतीय निविदा |
| 4 | 16/159894 | 19.34 | चिरमुर, नीलावाया / सुकमा / तृतीय निविदा |
| 5 | 17/159895 | 2.52 | रामाराम-2/सुकमा / तृतीय निविदा |
| 6 | 18/159261 | 30.69 | हमीरगढ़/छिन्दगढ़ / तृतीय निविदा |
| 7 | 19/159262 | 36.32 | किन्दरवाड़ा/छिन्दगढ़ / तृतीय निविदा |
| 8 | 20/159968 | 27.02 | यलंगनार/छिन्दगढ़ / तृतीय निविदा |

**नोट :-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित एवं डाउनलोड की जासकती है। निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 26.10.2024 तक है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, सुकमा

G-242503274/4

# त्योहारी सीजन में रायपुर के इन शॉप्स में कपड़ों की खरीदी का नया अनुभव

*रायपुर। त्योहारों और शादियों का सीजन नजदीक आ रहा है, परिवारों के लिए नए कपड़े खरीदने का समय आ गया है। सुमीत बाजार, श्री शिवम, विमल वाटिका, लक्ष्मी कलेक्शन, शुभकामना डिजाइन स्टूडियो और वस्त्रम विकास जैसी दुकानें इस अवसर पर आपके लिए बेहतरीन विकल्प प्रस्तुत करती हैं। ये दुकानें न केवल विविधता और गुणवत्ता में उत्कृष्ट हैं, बल्कि हर उम्र और पसंद के लिए खास कलेक्शन भी पेश करती हैं। आइए, जानते हैं कि इन दुकानों में क्या खास है जो आपके खास पलों को और भी यादगार बना सकता है।*

### सुमीत बाजार में महिलाओं के लिए खास कलेक्शन

सुमीत बाजार ने आगामी फेस्टिव सीजन के लिए महिलाओं के लिए एक विशेष कलेक्शन पेश किया है। इस कलेक्शन में जीन्स, टॉप, साड़ी और अन्य फैशनेबल वस्त्रों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है, फेस्टिव ऑफर के तहत ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए खास योजनाएं बनाई हैं। ग्राहक यदि 2500, 5000 या 12000 रुपए की खरीदारी करते हैं, तो उन्हें उपहार के रूप में आकर्षक गिफ्ट्स दिए जाएंगे।

### श्री शिवम परिवार के लिए मल्टी-ब्रांड हॉटस्पॉट

पंडरी, रायपुर में स्थित श्री शिवम एक संपूर्ण फैमिली स्टोर है, जहां 100 से ज्यादा ब्रांड्स एक साथ मिलते हैं। यह मल्टी-ब्रांड शोरूम लेटेस्ट डिजाइनर कपड़ों की पेशकश करता है, जो आगामी शादी के मौसम के लिए एकदम सही है। चाहे छोटे बच्चों के लिए फैशनेबल कपड़े हों या बड़ों के लिए स्टाइलिश परिधान, श्री शिवम में आपकी सभी फैशन जरूरतों के लिए विस्तृत रेंज उपलब्ध है।

### विमल वाटिकाः एक संपूर्ण फैमिली फैशन डेस्टिनेशन

विधानसभा रोड पर स्थित विमल वाटिका एक संपूर्ण फैमिली स्टोर है, जहां पुरुषों के लिए रेडीमेड कपड़ों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। कस्टमाइज कुर्ता-पायजामा से लेकर स्टाइलिश शेरवानी तक, यहां हर चीज मिलेगी। महिलाओं के लिए इंडो-वेस्टर्न कपड़ों का शानदार संग्रह है, साथ ही इन-हाउस स्टिचिंग सेवाएं भी उपलब्ध हैं। त्योहारों के इस सीजन में, विमल वाटिका हर खरीदारी पर उपहार कूपन दे रहा है, जिससे ग्राहकों को लकी ड्रॉ में गोल्ड कॉइन जीतने का मौका मिलेगा।

### वस्त्रम विकासः एथनिक वियर का बेजोड़ संग्रह

वस्त्रम विकास एक प्रतिष्ठित फैमिली फैशन शॉप है, जो आपके शादी के कपड़ों की सभी जरूरतों को पूरा करता है। बच्चों, पुरुषों और महिलाओं के लिए यहां विशाल रेंज उपलब्ध है। स्टाइलिश कुर्ता-पायजामा सिर्फ 599 रुपये से शुरू होते हैं, और आपको यहां लहंगे, डिजाइनर साड़ियां और शेरवानी का भी बेहतरीन संग्रह मिलेगा। वस्त्रम विकास पर वर्तमान में कुर्ता-पायजामे पर 25% छूट दी जा रही है, जो इसे शादी के जरूरी कपड़े खरीदने के लिए एक बेहतरीन अवसर बनाता है।

### लक्ष्मी कलेक्शन में कपड़ों पर 30% डिस्काउंट का लाभ उठाएं

लाखे नगर स्थित लक्ष्मी कलेक्शन एक कंप्लीट फैमिली शॉप है, जहां आपको मेन्स वियर और लेडिस वियर का विस्तृत रेंज मिलेगा। यहां कुर्ती, साड़ी, कुर्ता पैजामा, ब्लेजर और शूट जैसे एथनिक कपड़े उपलब्ध हैं। विशेष रूप से 30 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जा रहा है, जिससे ग्राहकों को बेहतरीन फैशन को सस्ते दामों पर खरीदने का अवसर मिल रहा है। इसके अलावा लक्ष्मी कलेक्शन में लहंगा और अन्य एथनिक वियर का भी पूरा कलेक्शन मौजूद है। यह स्थान फैमिली शॉपिंग के लिए एक बेहतरीन विकल्प है, जहां हर उम्र के लिए कुछ न कुछ है। अपने पूरे परिवार के लिए स्टाइलिश कपड़े खरीदने का यह सही समय है।

### शुभकामना डिजाइन स्टूडियोः फैशन की नई पहचान

पंडरी स्थित शुभकामना डिजाइन स्टूडियो ने फैशन की दुनिया में एक नया मानक स्थापित किया है। यहां पर सभी अंतरराष्ट्रीय ब्रांड के फैब्रिक्स उपलब्ध हैं, जो बाजार के हाई फैशन और लक्जरी ट्रेंड्स को ध्यान में रखते हुए चुने गए हैं। शुभकामना अपनी बेहतरीन टेलरिंग और फिटिंग के लिए प्रसिद्ध है। यहां हिंदुस्तान के विभिन्न हिस्सों के मशहूर हैंडलूम सिल्क भी उपलब्ध हैं, जो हर डिजाइन को विशेष बनाते हैं। इसके अलावा, स्टूडियो में एथेनिक वियर की कस्टमाइज्ड डिजाइन सेवाएं भी प्रदान की जाती हैं, जिसमें हिंदुस्तान के मशहूर डिजाइनरों की एक विशाल रेंज शामिल है।

## होंडा मोटरसाइकिल की बिक्री में 43% की वृद्धि, बाजार में हिस्सेदारी में इजाफा

रायपुर। भारत की प्रमुख दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने इस त्योहारी सीजन में छत्तीसगढ़ में बिक्री में 43% की उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की है। इस वृद्धि के चलते कंपनी की बाजार हिस्सेदारी में भी महत्वपूर्ण इज़ाफ़ा हुआ है। इस सफलता का मुख्य कारण हैं त्योहारों के लिए पेश किए गए विशेष ऑफर्स, जिसमें ग्राहकों को आसान फाइनेंसिंग विकल्प और कैशबैक ऑफर्स शामिल हैं। नए मॉडल जैसे होंडा हार्नेट, एसपी 160, और होंडा सीबी200एक्स पर विशेष ऑफर पेश किए गए हैं, जिसमें न्यूनतम डाउन पेमेंट 10,221 रु से शुरू और 7.99% ब्याज दर पर फाइनेंसिंग की सुविधा दी जा रही है। ग्राहक 100% फाइनेंस के साथ 5,000 रु तक का कैशबैक भी प्राप्त कर सकते हैं। होंडा की सबसे लोकप्रिय स्कूटर, होंडा एक्टिवा पर भी विशेष ऑफर हैं, जिसमें न्यूनतम डाउन पेमेंट 5,000 रु से शुरू और 7.99% ब्याज दर पर फाइनेंसिंग के साथ कैशबैक उपलब्ध है। इसके अलावा, नई शाइन 100 मोटरसाइकिल पर न्यूनतम डाउन पेमेंट सिर्फ 1,100 रु से शुरू है, साथ ही 5,000 रु तक का कैशबैक और 10 साल की वारंटी भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। होंडा मोटरसाइकिल के एक अधिकारी ने कहा कि त्योहारी सीजन में बिक्री में वृद्धि का मुख्य कारण हमारे उत्पादों की उच्च गुणवत्ता और विशेष फाइनेंसिंग विकल्प हैं। हम छत्तीसगढ़ में अपने ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। इस फेस्टिव सीजन ने छत्तीसगढ़ के ग्राहकों के लिए होंडा दोपहिया वाहन खरीदना और भी आसान बना दिया है।

# 'दस्तावेज : एक पन्ने की कहानी' आज सिनेमाघरों में होगी रिलीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माण के क्षेत्र में एक नया पदार्पण है गुडलक फिल्म्स एंटरटेनमेंट, जिसके बैनर तले निर्मित पहली छत्तीसगढ़ी फिल्म 'दस्तावेज : एक पन्ने की कहानी' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इसके गीत - संगीत के प्रति दीवानगी अपने चरम पर है और फिल्म का एक गीत 'ह्रदय के बात ' पर ही, 1 लाख के करीब रील्स बन चुकी है और यूट्यूब पर 18 लाख लोग देख चुके हैं। फिल्म 18 अक्टूबर को प्रदेश के सभी प्रमुख सिनेमाघरों में एक साथ रिलीज की जाएगी। **सच्ची घटनाओ से प्रेरित है फिल्म** : फिल्म एक सच्ची घटना से प्रेरित है। फिल्म में नगर पंचायत के एक क्लर्क की पूरी कहानी है जो की सरकारी कार्य से




सम्बंधित दस्तावेज से उलझने और उससे होने वाली तकलीफ को दिखाती है। निर्माता सौरभ बरडिया की पारी की भी यह पहली फिल्म है। दस्तावेज में छत्तीसगढ़ के ग्राम जीवन की असल खुशबू है। नए कलाकारों के शीर्ष स्तर के अभिनव की भावनात्मक कहानी है, फिल्म दस्तावेज। प्रेम, उत्साह, हंसी ठिठोली जैसे कई सूत्रों से फिल्म भरी हुई है।फिल्म के प्रमोटर मंगलमूर्ति ने बताया कि फिल्म की शूटिंग कांकेर के नरहरपुर ब्लॉक के समीपस्थ गांवों में की गई है । इसमें युवा कलाकारों ने कई रचनात्मक किरदार निभाए हैं। सरकारी अधिकारी किशन के प्रमुख किरदार में यूट्यूब में फुफु के चरित्र से अनिल सिन्हा नजर आएंगे। जिसकी प्रख्यात हीरो अमलेश नागेश के साथ विगत फिल्म हांडा जबरदस्त हिट हो चुकी है । दर्शकों की पसंद के कई आयाम स्थापित कर चुकी इस जोड़ी का एक गीत चल चल अब धीरे धीरे.... भी दर्शकों के जज्बातों को सीधे सिनेमायी परदे से जोड़ने का प्रभाव रखता है।

## भारत की लॉजिस्टिक लागत दो साल में घटकर एकल अंक में आएगी : गडकरी

**नई दिल्ली।** नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की 'लॉजिस्टिक' लागत अगले दो साल में घटकर एकल अंक में आ जाएगी। नीति आयोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि मंत्रालय कई राजमार्गों तथा एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है, जिससे भारत की लॉजिस्टिक लागत को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, '' दो साल के भीतर हम अपनी लॉजिस्टिक लागत को नौ प्रतिशत तक कम करने जा रहे हैं। आर्थिक शोध संस्थान 'नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च' के अनुमानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 के लिए भारत में लॉजिस्टिक लागत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 7.8 प्रतिशत से 8.9 प्रतिशत के बीच थी।

# वेलकम टू बस्तर में नजर आएगी बस्तर के आदिवासियों की पीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बस्तर की पृष्ठभूमि को लेकर तैयार की गई छत्तीसगढ़ी फिल्म बालिफूल वेलकम टू बस्तर का निर्माण सौम्या वेंचरस के बैनर तले हुआ है। फिल्म निर्माता अजय अग्रवाल एवं निर्देशक डॉ. पुनीत सोनकर ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि यह फिल्म 18 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के 24 सिनेमा स्क्रीन पर रिलीज होगी। इनमें 18 सिनेमाघर और 6 मल्टीप्लेक्स शामिल हैं। इसमें भुनेश साहू, हेमा शुक्ला, गोविंदा विश्वकर्मा, अंजली ठाकुर, डॉ. संजय तेलंग,संतोष थापा, भानुमति कोसरे नजर आएंगे। फिल्म की कहानी और संवाद



नीलेश देवांगन ने लिखे हैं। एक्शन विक्की सिंह ठाकुर, कोरियोग्राफी चन्दन दीप, दिलीप बैस, करण निहाल और मेकअप बलदेब संधू ने किया हैं। इस फिल्म में रोमांस, एक्शन, कॉमेडी, इमोशन का समावेश किया गया है।

### मिल चुके हैं 22 अवार्ड्स

बस्तर में किस तरह से भोले-भाले आदिवासी भाइयो-बहनों और निवासियों को शासन-प्रशासन व नक्सलियों द्वारा भ्रमित किया जाता है, इसे दिखाया जाएगा। फिल्म के माध्यम से वहां फैली समस्याओ को दिखाने के साथ ही उनका समाधान करने का एक प्रयास किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि हम दर्शकों से अपील करना चाहते हैं कि वे फिल्म देखने जाएं। फिल्म के माध्यम से दर्शक बस्तर से जुड़ सकेंगे। इस फिल्म को रिलीज से पहले राष्ट्रीय-अंतराष्ट्रीय स्तर के करीब 22 अवार्ड्स मिल चुके हैं।

## 'कांदा एक्सप्रेस' से दिल्ली आएगा 1,600 टन प्याज

**नई दिल्ली।** सरकार त्योहारों के मद्देनजर प्याज की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए बफर स्टॉक से 1,600 टन प्याज पहली बार महाराष्ट्र से दिल्ली 20 अक्टूबर को रेलवे के जरिये पहुंचाएगी। प्याज के लिए रेल का इस्तेमाल किए जाने की यह पहली पहल होगी। 'कांदा एक्सप्रेस' नाम की विशेष ट्रेन महाराष्ट्र के लासलगांव रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। और 20 अक्टूबर को दिल्ली के किशनगंज रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। सरकार को उम्मीद है कि इस आपूर्ति से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी, जहां बफर स्टॉक का प्याज वर्तमान में 35 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बेचा जा रहा है। वर्तमान में विभिन्न शहरों में प्याज की खुदरा कीमतें 75 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई हैं।

## जेएसडब्ल्यू ने हाइब्रिड बिजली खरीदी का समझौता किया

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी लिमिटेड की शाखा जेएसडब्ल्यू रिन्यू एनर्जी सेवेंटीन लिमिटेड ने एसटीयू से जुड़ी 192 मेगावाट पवन-सौर हाइब्रिड क्षमता के लिए गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के साथ बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता पवन-सौर हाइब्रिड क्षमता के लिए कंपनी का पहला बिजली खरीद समझौता है। बयान के अनुसार, पीपीए पर 3.27 रुपये प्रति किलोवाट घंटा की दर से 25 वर्ष की अवधि के लिए बिजली आपूर्ति के लिए हस्ताक्षर किए गए हैं। इस परियोजना के 24 महीने के भीतर शुरू होने की उम्मीद है। इसे गुजरात में एसटीयू (राज्य ट्रांसमिशन यूटिलिटीज) से जोड़ा जाएगा। कंपनी के पास वर्तमान में 8.3 गीगावाट की परियोजना प्रक्रियाधीन है, जिसमें 3.2 गीगावाट के लिए पीपीए पर हस्ताक्षर हो चुके हैं।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**लेबर/मिस्त्री**

आवश्यकता है- दाल मिल में कार्य हेतु दाल मिल का अनुभवी कर्मचारी/लेबर (कुली) दाल मिल मिस्त्री जिसको फिटर/सारटेक्स/दाल मिल चलाने का अनुभवी हो। संपर्क कन्हैयालाल संतोषकुमार दाल मिल बंजरपारा सड्डू विधान सभा रोड रायपुर- 9826141178. (RO-5970)

**कुक**

आवश्यकता है- होटल में कार्य करने हेतु इन्डियन चायनीज कुक की आवश्यकता है। अनुभवी ही सम्पर्क करें। होटल विनार बार एन्ड रेस्टॉरेन्ट-गली नं. 1 जयस्तभ चौक मों. - 9713577672. (RO-5971)

**टीचर**

आवश्यकता है- लेडिस वाईस प्रिंसीपल, क्लर्क, इंचार्ज, रिसेप्शनिष्ट, अंग्रेजी माध्यम में इंग्लिश पढ़ाने हेतु शिक्षक/शिक्षिका, संगीत एवं वाद्य यंत्र टीचर, ड्राईवर, आया की आवश्यकता । साक्षात्कार 21.10.2024 प्रातः 10.00 बजे, रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानी टंकी के पास खमतराई, 9826198065, 07712252855. (RO-6959)

**मार्केटिंग एक्जीकेटिव**

आवश्यकता है- रियल स्टेट मार्केटिंग एक्सक्यूटिव, ड्राइवर, डिजिटल मार्केटिंग, सिविल सुपरवाइजर, नर्सिंग कैरिंग स्टाफ, व्हाट्सप्प करे 8839996498 सिटी हार्ट रेजिडेंसी कैलाश विहार कैलाशपुरी (RO-5973)

क्लासीफाईड

**फील्ड वर्क**

आवश्यकता है- फील्ड वर्क के लिए (साउंड सिस्टम, वीडियो स्क्रीन) टेक्नीशियन 12वीं पास ITI पास फ्रेशर या अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। रहने की व्यवस्था दी जायेगी। सैलरी पांच अंको में। संपर्क:- यश.एल. ई. डी. टेक्नोलॉजी कचना रायपुर फोन:- 7773009704.(RO-5977)

**सेल्समैन**

आवश्यकता है- थोक कपड़े व्यवसाय में केवल पुरूष अनुभवी सेल्समेन एंव साड़ी, हैंडलूम और सुटिंग शार्टिंग में काम करने हेतु कर्मचारी की आवश्यकता है संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658. (RO-1646)

Healthcare




18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हेपाटाईटिस, एच.आई.वी. हर्पिस रोग एवं यौन समस्या
स्त्री-पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) में दाने छाले, फून्सी, लाल होना, फटना, जलन व दर्द योनि में खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना, मुँह में छाले, कमजोरी, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना, मैल जमना शरीर में खुजली होते हो तो तुरंत खून की जाँच कराये इसमे कई लोगों को हेपाटाईटिस, हर्पिस व कुछ लोगों को एच.आई.वी. पॉजिटिव होते हुए भी पाया गया है। आप चिंता मुक्त हो सकते है यदि खून का रिपोर्ट निगेटिव हो तो यदि पॉजिटिव हुआ तो आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं। यौन समस्याः इन्द्रिय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुन जन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, यूरेथ्रा स्ट्रेक्चर अर्थात् (पेशाब मे रुकावट, बूंद बूंद या नही उतरना) जलन ऐसे होते हो तो ।
बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.) 9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग, । 9303948500,,9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

**मैकेनिकल/इलेक्ट्रीकल**

PLUSSTAR ENGINEERING PVT. LTD.
हमें अपनी संस्थान
JSW स्टील लिमिटेड
बेल्लारी, कर्नाटक
हेतु मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल फील्ड में योग्य, ऊर्जावान एवं अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

मैकेनिकल विभाग हेतु

| पद | अनुभव |
|---|---|
| मिल राइट फीटर | 15 वर्ष |
| फीटर | 10 वर्ष |
| वेल्डर | 5 वर्ष |
| गैस कटर | 5 वर्ष |
| हेल्पर | 3 वर्ष |
| रीगर | 3 वर्ष |
| कन्वेयर ऑपरेटर | 3 वर्ष |
| स्टेकर ऑपरेटर | 3 वर्ष |

इलेक्ट्रीकल विभाग हेतु

| पद | अनुभव |
|---|---|
| मास्टर टेक्नीशियन | 15 वर्ष |
| इलेक्ट्रीशियन | 10 वर्ष |
| इलेक्ट्रीकल सुपरवाइजर | 15 वर्ष |
| हेल्पर | 3 वर्ष |

इच्छुक उम्मीदवार 25 अक्टूबर 2024 तक अपना शैक्षणिक, अनुभव प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ एवं संबंधित प्रमाण पत्र, मेल करें या नीचे लिखे नंबर पर वॉट्सअप करें या हमारी वेबसाईट www.plusstargroup.com /carreer पर अपलोड करें.
E: career.psepl@gmail.com
7894470792

**सफाई कर्मी/कुक**

आवश्यकता है- देवादा हॉस्पिटल के कैंटीन में काम हेतु कर्मचारी टेबल सफाई, बर्तन सफाई, खाना बनाने कुक, रोटी बनाने हेतु महिला एवं ड्राइवर की। रहना, खाना फ्री। तुरन्त संपर्क करेः- मो.- 9303657790, 7970259986.(आरो न.-604)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- हार्डवेयर दुकान में कार्य करने के लिए आठवीं पास लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करेः- जैन हार्डवेयर एंड टूल्स, बाम्बे मार्केट, रायपुर, 9229101124. (RO-398)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- ड्राइवर की आवश्यकता है : टाटा एस एवं बैटरी वाली ई रिक्शा चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए। लोकल दुर्ग भिलाई घुमना है, आकर्षक वेतन, लाइसेंस अनिवार्य। मो.-98274-66771. (आरो न.-605)

आवश्यकता है- अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है, पहुंच स्थान- टैगोर नगर संपर्क करें- रायपुर कृषि केंद्र, शॉप नंबर- 124 एस.के. प्लाजा बॉम्बे मार्केट, रायपुर (RO-1623)

**वेटर**

आवश्यकता है- बार में कार्य करने हेतु अनुभवी वेटर की आवश्यकता है। अनुभवी ही सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें। होटल विनार बार एन्ड रेस्टॉरेन्ट-गली नं. 1 जयस्तभ चौक मों. - 9713577672. (RO-5976)

**जॉब**

आवश्यकता है- नूगा बेस्ट थेरेपी हेतु जॉब के लिए लेडीज (लड़किया) स्टाफ की आवश्यकता है। सैलरी योग्यतानुसार 10,12, स्नातक. सम्पर्क - जुनवानी रोड ईदगाह चौक पानी की टंकी के सामने, कोहका भिलाई Mo- 9907813799.(आरो न.-6389)

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- तत्काल सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर एवं ग्राफिक्स डिजाइन (मल्टीमीडिया) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार तत्काल सम्पर्क करें- ए1 जीत सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, मंगला चौक सीएलसी प्लाजा बिलासपुर 8319001366, 9340860492. (RO-35685)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**घरेलु/कुक कार्य**

आवश्यकता है- तेलीबांधा के आगे, वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में घर का झाडू पोछा, कपड़ा बर्तन, साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु पुरूष/महिलाये चाहिए। ग्रामीणों को प्राथमिकता पान, गुटका, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले व शाकाहारी ही संपर्क करें 9300593000. (RO-1227)

आवश्यकता है- फाफाडीह, रायपुर में सुबह 12 बजे से शाम तक घर की सफाई व घरेलू कार्य हेतु एक महिला एवं खाना बनाने हेतु एक महिला कुक चाहिए। रहने की सुविधा उपलब्ध । संपर्कः 9644364354. (RO-1231)

**सेल्स एक्जीकेटिव**

Job Vacancy- Pharmaceutical company Casca Care Private Limited is looking for Sales Executive in Raipur, Durg, Ambikapur, Dhamtari & Jagdalpur. Salary 20000 +TA/DA +Compan Equity Shares. Salary is Negotiable for experienced candidates. Age Limit: 36 years. Qualification: Graduate. +91-7724981439 Interview: 20-10-2024, Hotel Simran Heritage Pvt. Ltd. Station Road, Raipur, Chhattisgarh. Time- 11:00 am to 4:00 pm (RO-3048)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य करने हेतु 18 से 25वर्ष के अविवाहित लड़के चाहिए जो सिटी से बाहर रहकर काम करे सैलरी 9000+ कमिशन + बोनस रहना फ्री सम्पर्क करें- मंगला चौक बिलासपुर 8817252877. (RO-27823)

**अन्य**

आवश्यकता है- सुनहरा अवसर 30,000 से 40,000 हजार रुपए मासिक आय सेल्समैन लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है (शिक्षित/ साक्षर एवं अशिक्षित योग्यतानुसार संपर्क :-7024797456 मिलने का समय सुबह 10:30 से 12:30 तक। (RO-3762)

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्कः- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-2998)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - पेंशनर लोन, होम लोन, सिर्फ सरकारी कर्मचारी हेतु सभी नेशनल बैंक से उपलब्ध। केवल बैंक सर्विस 7 दिनो में । संपर्कः- Mr. - NITIN SAVDEKAR (SR. AUDITOR) Behind- A/63 Karmchari nagar, सिकोलाभाठा दुर्ग मो.- 9409188678, 8319450882.(आरो न.-603)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**Education शिक्षण**

मेडिकल प्रवेश- 10वीं, 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए 2वर्षीय मेडिकल कोर्स शासन से मान्यता प्राप्त DIPLOMA IN CMS & ED- 2 वर्षीय, C.C.H. CERTIFICATE IN COMMUNITY HEALTH एलोपैथीक। चिकित्सा प्रमाण पत्र में प्रवेश प्रारंभ सीट- 25 (प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र खोलने के लिए मान्य ) संपर्क करें:- संजीवनी कॉलेज ओमपरिसर, आर्यनगर दुर्ग ( छ.ग.) 0788-4060006, 9893579048.(आरो न.-6387)

**Property प्रापर्टी**

**मकान**

मकान बेचना है- रायपुर के प्राइम लोकेशन डूंडा में नेशनल हाईवे से 150 मीटर की दूरी में सर्व सुविधायुक्त 1140 SQFT में 3 BHK और एक दुकान के साथ मकान उपलब्ध है जिसमें लेआउट डायवर्सन नक्शा पास और बैंक फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है। Contact No. 9300308436. (RO-5975)

मकान बेचना है- न्यू चांगोरा भाटा रायपुर में 2BHK स्वतंत्र मकान बेचना है प्लॉट एरिया 1340 स्क्वायर फीट बिल्डअप एरिया 1100 स्क्वायर फीट संपर्क करें- 9981165195.(RO-5976)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



Space Available for Ad.
6263818152

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152



## टेस्ट : भारत ने बनाया एशिया में सबसे छोटा टेस्ट स्कोर

# शर्मनाक! भारतीय टीम 46 रन पर ढेर 5 बैटर्स '0', कीवियों की लीड 130 पार

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारतीय टीम ने गुरुवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर चल रहे पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड के सामने घुटने टेक दिए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, जो दांव पूरी तरह उलटा पड़ गया। भारतीय टीम केवल 46 रन पर ऑलआउट हो गई। मेजबान टीम के पांच बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल सके। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों मैट हेनरी (5 विकेट) और विलियम ओ रुड़की (4 विकेट) ने भारतीय बल्लेबाजी क्रम की कमर तोड़ दी। न्यूजीलैंड ने गेंदबाजी आक्रमण में केवल तीन गेंदबाजों का उपयोग किया और 31.2 ओवर में भारत को समेट दिया। 46 रन पर ऑलआउट होते ही भारतीय टीम के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया। भारतीय टीम अपने घर में सबसे कम स्कोर पर ऑलआउट हुई। इसके अलावा भारतीय टीम ने एशिया में सबसे कम स्कोर पर ऑलआउट होने का धब्बा भी अपने ऊपर लगा लिया। वैसे, टीम इंडिया ने अपने टेस्ट इतिहास का तीसरा सबसे छोटा स्कोर बनाया। जवाब में न्यूजीलैंड ने स्टंप तक तीन विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाकर 134 रन की लीड बना ली है।



**0 विराट कोहली**

भारत के जब 9 रन बने थे उस वक्त विराट कोहली लेग स्लिप में अपना कैच थमा बैठे। किंग कोहली इस दौरान 9 गेंद पर बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटे। वह 38वीं बार डक पर आउट हुए



**0 सरफराज खान**

पारी के 10वें ओवर की चौथी गेंद पर सरफराज खान शून्य पर आउट हुए। मैट हेनरी ने उन्हें कॉन्वे के हाथों कैच आउट कराया। शॉट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे।



**0 केएल राहुल**

23वें ओवर की चौथी गेंद पर केएल राहुल शून्य पर आउट हुए। 6 गेंदों का सामना करने के बावजूद केएल भी अपना खाता नहीं खोल पाए। ओरूर्क ने उन्हें स्टंप आउट कराया।



**0 रवींद्र जडेजा**

रवींद्र जडेजा इसके बाद 24वें ओवर की पांचवीं गेंद पर मैट हेनरी का शिकार बने और एजाज पटेल ने उनका कैच लपका।



**0 आर अश्विन**

आर अश्विन जब लंच ब्रेक के बाद आए तो पहली ही गेंद पर वह गोल्डन डक हो गए। अश्विन 1 गेंद का सामना करते हुए पवेलियन लौटे।

### कोहली ने खेला 536वां मैच

भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली गुरुवार को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे, लेकिन वह बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। मगर कोहली ने इसके बावजूद एमएस धोनी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कोहली ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का 536वां मैच खेला। एमएस धोनी ने कुल 535 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। बता दें कि भारत की तरफ से सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का रिकॉर्ड महान सचिन तेंदुलकर के नाम दर्ज है। मास्टर ब्लास्टर ने 664 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

### रोहित ने बल्लेबाजी चुन किया ब्लंडर

बेंगलुरु की चिन्नास्वामी स्टेडियम में जिस तरह भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया उसने काफी चौंका दिया, क्योंकि मैच का पहला दनि बारशि के कारण धुल गया था। इस कारण पूरे समय मैदान पर कवर मौजूद थे। ऐसे में माना जा रहा था कि जो भी कप्तान टॉस जीतेगा पहले गेंदबाजी करने का फैसला करेगा। क्योंकि कंडीशन तेज गेंदबाजों के लिए मददगार दिख रही थीं। ऐसा माना जा रहा था कि रोहित शर्मा अगर टॉस जीते हैं तो पहले गेंदबाजी करने का फैसला करेंगे लेकिन वह टॉस जीते और उन्होंने पहले बल्लेबाजी चुन ली और उनका यह फैसला बैकफायर कर गया।

## भारत को झटका, पंत का दायां घुटना फिर चोटिल

भारतीय टीम के बल्लेबाज ऋषभ पंत विकेटकीपिंग करते वक्त गेंद लगने से चोटिल हो गए जिस कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। जडेजा की गेंद स्टंप्स से मिस होती हुई



पंत के पैर में लगी और वह दर्द में दिखे। पंत के दाएं पैर में चोट लगी है। यह वही पैर है जिसमें कार दुर्घटना में उन्हें चोट लगी थी और इसकी वजह से वह डेढ़ साल क्रिकेट से दूर रहे थे। यह घटना न्यूजीलैंड की पारी के 37वें ओवर की है। रोहित ने जल्दी फीजियो को बुलाया और फीजियो ने उनकी मरहम पट्टी करने की कोशिश की। हालांकि, इससे पंत को राहत नहीं मिला। फिर फीजियो उन्हें मैदान से बाहर ले गए। तब पंत चलते हुए काफी दर्द में दिख रहे थे। इसके बाद बाउंड्री लाइन पर उनके लिए चेयर लगाया गया।

### 13 विकेट एक दिन में गिरे

एक दिन का खेल बाधित होने के बावजूद दूसरे दिन गुरुवार को मैच में कुल 13 विकेट गिरे। मैट हेनरी और विलियमस ओरुर्के ने शानदार गेंदबाजी की और भारत को पहली पारी में 50 रन से भी कम के स्कोर पर ढेर किया। हेनरी ने पहली पारी में पांच विकेट लिए, जबकि ओरुर्के ने चार विकेट झटके।

**एशिया में सबसे कम स्कोर**

| रन | देश | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 46 | भारत | न्यूजीलैंड | 2024 |
| 53 | वेस्टइंडीज | पाकिस्तान | 1986 |
| 53 | पाकिस्तान | ऑस्ट्रेलिया | 2002 |
| 59 | पाकिस्तान | ऑस्ट्रेलिया | 2002 |

**भारत का सबसे कम स्कोर**

| रन | देश | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 36 | भारत | ऑस्ट्रेलिया | 2020 |
| 42 | भारत | इंग्लैंड | 1974 |
| 46 | भारत | न्यूजीलैंड | 2024 |
| 58 | भारत | ऑस्ट्रेलिया | 1947 |
| 58 | भारत | इंग्लैंड | 1952 |

**स्कोर बोर्ड**

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का पटेल बो ओ राउरकी | 13 | 63 | 1 | 0 |
| रोहित शर्मा बो साउदी | 02 | 16 | 0 | 0 |
| कोहली का फिलिप्स बो ओ राउरकी | 00 | 09 | 0 | 0 |
| सरफराज का कोंवे बो हेनरी | 00 | 03 | 0 | 0 |
| ऋषभ पंत का लाथम बो हेनरी | 20 | 49 | 2 | 0 |
| राहुल का ब्लंडेल बो ओ राउरकी | 00 | 06 | 0 | 0 |
| रविंद्र जडेजा का पटेल बो हेनरी | 00 | 06 | 0 | 0 |
| अश्विन का फिलिप्स बो हेनरी | 00 | 01 | 0 | 0 |
| कुलदीप का ब्रासवेल बो हेनरी | 02 | 17 | 0 | 0 |
| बुमराह का हेनरी बो ओ राउरकी | 01 | 03 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 04 | 16 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 31.2 ओवर में 46/10
गेंदबाजी : साउदी 6-4-8-1, हेनरी 13.2-3-15-5, ओ राउरकी 12-6-22-4.

## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड का सामना वेस्टइंडीज से आज

**शारजाह।** न्यूजीलैंड टीम महिला टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में शुक्रवार को जब आत्मविश्वास से ओतप्रोत वेस्टइंडीज से खेलेगी तो उसका इरादा अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखने का होगा। न्यूजीलैंड ने इस टूर्नामेंट में भारत और श्रीलंका जैसी टीमों को हराकर ग्रुप ए से अंतिम चार में जगह बनाई। टूर्नामेंट से पहले दस मुकाबले हारी टीम ने जबर्दस्त खेल का प्रदर्शन किया। वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को पिछले मैच में हराया था। ग्रुप बी में शीर्ष पर रही कैरेबियाई टीम ने एक ही मैच गंवाया।

### सनराइजर्स के गेंदबाजी कोच का पद छोड़ेंगे स्टेन



**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने पुष्टि की है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच नहीं होंगे। वह एसए20 लीग में सनराइजर्स की दूसरी टीम सनराइजर्स ईस्टर्न कैप के साथ बने रहेंगे जिसने पहले दोनों सत्र में खिताब जीता है। स्टेन ने एक्स पर लिखा, 'क्रिकेट से जुड़ी एक घोषणा। सनराइजर्स हैदराबाद को धन्यवाद जिसके साथ मैं आईपीएल में गेंदबाजी कोच रहा। दुर्भाग्य की बात है कि अब मैं आईपीएल 2025 के लिए नहीं लौटूंगा।'

### राष्ट्रीय रैंकिंग चैंपियनशिप में खेलेंगे शीर्ष खिलाड़ी



**मडगांव।** भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी शुक्रवार से यहां शुरू हो रही सत्र की दूसरी यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे जिसमें मानव ठक्कर, जी साथियान, अहयिका मुखर्जी और सुतिर्था मुखर्जी शामिल हैं। सीनियर पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीय ठक्कर, साथियान और मानुष शाह के साथ मिलकर अगुआई करेंगे। ठक्कर ने हाल में अस्ताना एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं अचिंता शरत कमल और हरमीत देसाई दोनों ने प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है।

# डेनमार्क ओपन : सिंधू की युई पर आठ मैचों में सातवीं जीत

**63 मिनट में 18-21, 21-12, 21-16 से जीता मैच**

एजेंसी ▶▶ ओडेन्से



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने खराब शुरुआत से उबरते हुए गुरुवार को यहां चीन की दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी हेन युई को हराकर डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पूर्व विश्व चैंपियन और अभी दुनिया की 18वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने दूसरे दौर के मुकाबले में 63 मिनट में 18-21, 21-12, 21-16 से जीत दर्ज की।

मई में मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में हेन को हराने के बाद शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी के खिलाफ यह सिंधू की पहली जीत है। हेन के खिलाफ आठ मुकाबलों में यह सिंधू की सातवीं जीत है जबकि उन्हें एक बार हार का सामना करना पड़ा है। यहां 2015 में फाइनल में पहुंची सिंधू टूर्नामेंट में अब एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचीं हैं। वह अगले दौर में इंडोनेशिया की पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग और डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। तीन ओलंपिक में पहली बार पेरिस से खाली हाथ लौटीं सिंधू ने तुनजुंग के खिलाफ 12 मुकाबलों में 10 जीत दर्ज की हैं लेकिन इस साल दोनों खिलाड़ियों की अब तक भिड़ंत नहीं हुई है।

## पंजाब किंग्स में हैडिन और जोशी बरकरार

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स ने नये मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के आने के बाद अपने ज्यादातर सहयोगी स्टाफ को बरकरार रखने का फैसला किया है जिसमें सिर्फ तेज गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स के इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के लिए टीम से जुड़ने की संभावना है। पिछले महीने मुख्य कोच नियुक्त किए गए पोंटिंग ने दिल्ली कैपिटल्स में मुख्य कोच रहते हुए ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जेम्स होप्स की सेवाएं ली थीं। स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच ब्रैड हैडिन और ट्रेवर गोंजाल्विस को आगामी सत्र के लिए बरकरार रखा गया है। बेलिस पिछले साल मुख्य कोच थे और संजय बांगड़ क्रिकेट डेवलपमेंट प्रमुख थे। लेकिन दोनों अब कोचिंग सेट अप से बाहर हैं।

## विश्व कप फाइनल में विवान को रजत, नरुका को कांस्य पदक





**नई दिल्ली।** अनंतजीत सिंह नरुका के पुरुष स्कीट में कांस्य पदक के बाद विवान कपूर ने पुरुष ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीता जिससे गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी फाइनल में भारत के पदकों की संख्या चार हो गई। विवान ने फाइनल में 44 का स्कोर बनाया और वह चीन के स्वर्ण पदक विजेता यिंग की से पीछे रहे। तुर्की के टोल्गा एन टुंसर ने 35 के स्कोर से कांस्य पदक जीता। इससे पहले राजस्थान के 26 वर्षीय नरुका ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 43 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इटली के तामारो कासांद्रो को स्वर्ण और गैब्रियेले रोसेत्ती को रजत पदक मिला जिन्होंने क्रमशः 57 और 56 स्कोर किया । नरुका ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 121 स्कोर किया था। भारत के लिए सोनम मस्कर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में रजत और अखिल श्योराण ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में कांस्य पदक जीता है।

### सदर्न सुपरस्टार्स बना लीजेंड्स लीग क्रिकेट चैंपियन

**श्रीनगर।** सदर्न सुपरस्टार्स गुरुवार को यहां कोणार्क सूर्यास ओडिशा को कड़े मुकाबले में सुपर ओवर में हराकर लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2024 का चैंपियन बना। ओडिशा के टॉस जीतकर गेंदबाजी करने के फैसले के बाद सदर्न सुपरस्टार्स के लिए श्रीवत्स गोस्वामी और मार्टिन गुप्टिल ने पारी की शुरुआत की। गुप्टिल और हैमिल्टन मास्काद्ज़ा ने दूसरे विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी निभाई। मास्काद्ज़ा और पवन नेगी ने तीसरे विकेट के लिए 68 रन की भागीदारी निभाई। मास्काद्ज़ा ने 58 गेंद में 83 रन बनाए। नेगी ने 24 गेंद में 33 रन का योगदान दिया जिससे सदर्न सुपरस्टार्स ने 20 ओवर में छह विकेट पर 164 रन का स्कोर खड़ा किया।

## जेएसडब्लू स्पोटर्स के निदेशक बने गांगुली



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे सफल कप्तानों में शुमार सौरव गांगुली को जेएसडब्लू स्पोटर्स ने नया क्रिकेट निदेशक बनाया है। गांगुली आईपीएल में जेएसडब्लू की टीम दिल्ली कैपिटल्स से 2019 में सलाहकार के तौर पर जुड़े और कोच रिकी पोंटिंग के साथ काम किया। बाद में वह कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक बने। गांगुली ने अपनी नई भूमिका के बारे में कहा, 'मैं जेएसडब्लू समूह और जिंदल परिवार को व्यक्तिगत और पेशेवर तौर पर जानता हूं जिससे यह फैसला लेना आसान हो गया। मुझे खुशी है कि क्रिकेट से जुड़े उनके प्रोजेक्ट में मेरा अनुभव दे सकता हूं।'

**सैफ चैंपियनशिप**

## भारत ने पाक को 5-2 से रौंदा आशालता ने खेला 100वां मैच



एजेंसी ▶▶ काठमांडू

भारतीय महिला सीनियर फुटबॉल टीम ने अपने सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 अभियान की शानदार शुरुआत की, जिसमें उन्होंने दशरथ स्टेडियम में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5-2 से हराया। संतोष कश्यप की अगुआई वाली टीम के लिए यह जीत एक शानदार शुरुआत है, क्योंकि उनका लक्ष्य क्षेत्रीय खिताब बरकरार रखना है। भारत ने पांचवें मिनट में बढ़त हासिल कर ली, जब ग्रेस डांगमेई ने बॉक्स के किनारे से दाएं पैर से शक्तिशाली शॉट लगाकर गोल किया। ब्लू टाइग्रेस ने 17वें मिनट में अपनी बढ़त दोगुनी कर ली, जब मनीषा कल्याण ने अनुभवी नगांगोम बाला देवी द्वारा फेंकी गई थ्रू बॉल का फायदा उठाते हुए शानदार गोल किया। इस मैच में भारत के लिए कई ऐतिहासिक क्षण भी देखने को मिले। कप्तान लोइटोंगबाम आशालता देवी ने अपना 100वां कैप अर्जित किया, जो इस दिग्गज डिफेंडर के लिए एक अविश्वसनीय उपलब्धि है। इसके अलावा, बाला देवी ने अपना 50वां अंतरराष्ट्रीय गोल किया, जो यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बन गईं। ग्रेस डांगमेई, जिन्हें बाद में प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया, ने दो गोल किए, जिससे उनकी शानदार फिनिशिंग क्षमता और फ़्लैंक पर अथक ऊर्जा का प्रदर्शन हुआ। उनका पहला गोल, रंजना चानू के क्रॉस के बाद एक अच्छी तरह से लगाया गया शॉट था, जिसने मुकाबले की शुरुआत की।

### हिरानी का गोल

भारत के दबदबे के बावजूद, पाकिस्तान हाफटाइम से ठीक पहले एक गोल करने में सफल रहा, जब सुहा हिरानी ने अतिरिक्त समय के दूसरे मिनट में एक पेनल्टी को गोल में बदला। दूसरे हाफ के शुरुआती मिनटों में, कायला मैरी सिद्दीकी ने डिफेंसिव चूक का फायदा उठाते हुए पाकिस्तान के लिए दूसरा गोल किया, जिससे अंतर 3-2 हो गया।

### ज्योति ने दिलाई जीत

भारत ने तेजी से जवाब दिया, जिसमें 68वें मिनट में ज्योति चौहान ने स्थानापन्न गोल करके मैच को अपने नाम कर लिया। वह दलिमा छिब्बर के कॉर्नर को पूरा करने के लिए ऊपर उठीं और पाकिस्तानी गोलकीपर के पास से गेंद को हेडर से गोल में डालकर स्कोर 5-2 कर दिया। इस जीत ने अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में पाकिस्तान के खिलाफ भारत के शानदार रिकॉर्ड को आगे बढ़ाया, जिससे यह चार मैचों में चार जीत बन गई।

## इंग्लैंड को जीत के लिए 297 का टारगेट

*मुल्तान। इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले की पहली पारी में बाबर आजम को रिप्लेस करने वाले कामरान गुलाम ने शतक लगाया था, लेकिन दूसरी पारी में उनका बल्ला नहीं चला और वो 26 रन बनाकर आउट हो गए। इस मैच की पहली पारी में पाकिस्तान ने कामरान गुलाम की 118 रन की पारी के दम पर 366 रन बनाए थे, लेकिन इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 291 रन पर आउट हो गई और पाकिस्तान को 75 रन की लीड मिली। पहली पारी में लीड हासिल करने के बाद पाकिस्तान की टीम दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 221 रन पर ढेर हो गई और उसे दोनों पारी मिलाकर 296 रन की बढ़त मिली। बेन स्टोक्स की इंग्लैंड को इस टेस्ट मैच में जीत दर्ज करने के लिए अब 297 रन की जरूरत है। पाकिस्तान की टीम दूसरी पारी में ज्यादा अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाई और इंग्लैंड की तरफ से शोएब बशीर और जैक लीच ने काफी अच्छी गेंदबाजी की।*

## एक दिन में छत्तीसगढ़ ने जीता 7 स्वर्ण पदक, मैराथन में रायपुर का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

27 वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को मैराथन, स्विमिंग, एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने 7 गोल्ड मेडल जीतकर शानदार शुरुआत की। 400 मीटर वाक वुमन ओपन कैटेगरी में सुशीला पैकरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 1500 मीटर रेस मेन वेटरन कैटेगरी में सुखनंदन लाल ध्रुव, 21 किमी मैराथन वुमन ओपन कैटेगरी में भारती साहू। इसी स्पर्धा में वुमन वेटरन कैटेगरी में सतोविषा समाजदार, हाई जम्प मेल में सत्यजीत भट्ट, 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्विमिंग में मनीराम आदिल,



100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक स्विमिंग में निखिल खलखो ने प्रथम स्थान हासिल कर प्रदेश का नाम बढ़ाया। बता दें कि आयोजन में 23 खेल विधाओं में 301 प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है, जिसमें 41 राज्यों के करीब 3000 प्रतिभागी हिस्सा लेने पहुंचे है।

### 100 मीटर में जय बने चैंपियन

मैराथन में छत्तीसगढ़ का दबदबा रहा। छत्तीसगढ़ के अलावा 100 मीटर रेस मैन सीनियर वेटरन केटेगरी में केरल के जय कुमार, 5000 मीटर रेस मैन सीनियर वेटरन केटेगरी में तमिलनाडु से उथया कुमार, 10,000 मीटर वाक मैन वेटरन कैटेगरी में केरल के साबू एम ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस आयोजन में खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा है। विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए पूरे जोश के साथ भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ वन विभाग के द्वारा किए जा रहे सभी व्यवस्थाओं की प्रशंसा की।

**भारत के लिए चार टेस्ट और 40 वनडे खेल चुके हैं बदानी**

# बदानी बने दिल्ली के मुख्य कोच, राव निदेशक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को 2025 इंडियन प्रीमियर लीग सत्र से पहले अपने नए कोचिंग स्टाफ की नियुक्ति की जिसमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर हेमांग बदानी को मुख्य कोच और वेणुगोपाल राव को क्रिकेट निदेशक बनाया गया। भारत के लिए चार टेस्ट और 40 वनडे खेल चुके 47 वर्षीय बदानी को विभिन्न क्रिकेट लीग में कोचिंग का अनुभव है। 2021 से 2023 तक उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के साथ क्षेत्ररक्षण कोच और फिर बल्लेबाजी कोच के तौर पर काम किया।

लंका प्रीमियर लीग में उन्होंने जाफना किंग्स को लगातार दो खिताब दिलाए और शुरुआती एसए20 में वह खिताब जीतने वाली सनराइजर्स ईस्टर्न केप के बल्लेबाजी कोच थे। हाल में वह दुबई कैपिटल्स के मुख्य कोच थे जो इस साल के आईएलटी20 फाइनल में पहुंची थी। बदानी ने कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है और मुझ पर भरोसा करने के लिए टीम के मालिकों का आभारी हूं।'



### राव को 16 वनडे खेलने का अनुभव

*भारत के लिए 16 वनडे खेलने वाले राव 2009 में आईपीएल जीतने वाली डेक्कन चार्जर्स टीम का हिस्सा थे। वह दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए तीन आईपीएल सत्र में भी खेले और दुबई कैपिटल्स से जुड़े रहे जिसमें उन्होंने शुरुआती सत्र में मेंटोर के तौर में और बाद में बतौर क्रिकेट निदेशक काम किया। राव ने कहा, 'फ्रेंचाइजी के साथ मेरा जुड़ाव लंबे समय से है और मैं इस भूमिका की पेशकश करने के लिए टीम के मालिकों द्वारा दिखाए भरोसे के लिए आभारी हूं।' दिल्ली कैपिटल्स 2021 चरण में उपविजेता रही लेकिन बाद के तीन सत्र में शीर्ष चार में पहुंचने के लिए संघर्ष करती रही।*

## क्या होता है पटका हेलमेट जिसे पहनते हैं भारतीय फौजी?



**नई दिल्ली।** 'पटका हेलमेट की कई और खूबियां भी हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि गोलियों को झेलने वाला ये हेलमेट पहनने में भी काफी आरामदायक होता है। इसे पहनने के बाद भी जवानों को थकान महसूस नहीं होती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि पटका हेलमेट के अंदर का भाग काफी नरम और मुलायम होता है। इतना ही नहीं, ये पटका हेलमेट इसलिए भी खास हो जाता है, क्योंकि इसको देश में ही बनाया जाता है। इसको डीआरडीओ (**DRDO**) द्वारा डिजाइन किया गया और बनाया गया है।






*पूर्वती पहुंचकर लिया कैम्प का जायजा, सैनिक सम्मेलन में हुए शामिल*

# डीजीपी ने सुरक्षा बलों के जवानों से रूबरू होकर किया उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

डीजीपी ने बीजापुर व सुकमा के अंदरूनी इलाकों में पहुंचकर बैठकें ली। इसके साथ ही जवानों से मिलकर उनकी हौंसला अफजाई की। डीजीपी बस्तर के दो दिवसीय प्रवास पर रहे। पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ अशोक जुनेजा, अनीश दयाल सिंह महानिदेशक सीआरपीएफ, वितुल कुमार विशेष महानिदेशक सीआरपीएफ, विवेकानंद अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल अभियान, राजेश अग्रवाल महानिरीक्षक सीआरपीएफ एवं सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज बीजापुर एवं सुकमा जिले के अंदरूनी इलाके में पहुंचे। बीजापुर में स्थानीय पुलिस अधिकारियों, सुरक्षा बलों के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक लेकर वर्तमान परिस्थितियों, नक्सल विरोधी अभियान के दौरान अधीनस्थ थाना, चौकी, कैम्पों में सावधानी बरतते हुये सतर्कतापूर्वक कर्तव्य निर्वहन करने एवं आगामी समय पर समन्वय स्थापित करते हुये नक्सल विरोधी अभियान को प्रभावी रूप से कार्य करने दिशा-निर्देश दिए। जिला सुकमा के पूवर्ती कैम्प में पहुंचकर स्थानीय पुलिस अधिकारियों एवं सुरक्षा बलों के सैनिक सम्मेलन में शामिल हुए। जिसमें उपस्थित सभी अधिकारी, जवानों से रूबरू होकर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही आगामी समय में नक्सल अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने एवं परस्पर समन्वय स्थापित करते हुए लगातार कार्य करने निर्देशित किया गया। अशोक जुनेजा ने बीजापुर में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स एवं अन्य स्थानीय कमाण्डर्स की बैठक ली। वर्ष 2024 में संचालित विभिन्न नक्सल अभियानों की समीक्षा की तथा आगामी समय की कार्रवाई के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिए। बैठक में विवेकानंद, सुन्दरराज पी. एवं बी.एस. ध्रुव पुलिस महानिरीक्षक नक्सल अभियान, राजेन्द्र नारायण दास पुलिस महानिरीक्षक, कमलोचन कश्यप उप पुलिस महानिरीक्षक, दन्तेवाड़ा रेंज, जितेन्द्र यादव पुलिस अधीक्षक बीजापुर व किरण चव्हाण पुलिस अधीक्षक सुकमा सहित स्थानीय पुलिस एवं अन्य सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारीगण बैठक में उपस्थित रहे।



### सुरक्षा कैंप का जायजा लिया

स्थानीय पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा संयुक्त रूप से मिलकर किये जा रहे नवीन सुरक्षा कैम्प का जायजा लिया। साथ ही कैंप स्थापना, सड़क सुरक्षा, निर्माणाधीन पुल-पुलियों, सामुदायिक पुलिसिंग, सहित नियद नेल्ला नार कार्य योजना के तहत किये जा रहे विकास कार्य, क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों व नागरिकों की सुरक्षा, वर्तमान परिस्थितियों सहित एवं नक्सल विरोधी अभियान के दौरान विशेष सतर्कता बरतते हुये प्रभावी रूप से कार्य करने स्थानीय पुलिस, सुरक्षा बलों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# चावल के दाने जितना छोटा क्यूब कीमत इतनी कि खरीद लेंगे 2 बाइक

**टोक्यो।** 1974 में हंगरी के आर्किटेक्चर विषय के प्रोफेसर और मूर्तिकार अर्नो रूबिक ने क्यूब बनाया था, जिसे रूबिक्स क्यूब कहते हैं। ये एक 3डी पजल होता है, जिसमें अलग-अलग रंग के चौकोर डिब्बे होते हैं और एक रंग के डिब्बों को एक साथ मिलाना होता है, तब पजल हल होता है। इसे सॉल्व करना आसान नहीं होता, लोगों को बहुत मेहनत करनी पड़ती है। अब इस रूबिक्स क्यूब (**Smallest Rotating Puzzle**) का एक छोटा वर्जन बनाया गया है, जो चावल के दाने के बराबर है। ये इतना छोटा है कि इसे ठीक से देख पाना ही मुश्किल है, हल करना तो भूल ही जाइए। मगर इसका दाम इतना ज्यादा है कि उतने रुपए में आप 2 बाइक खरीद लेंगे।











# चिड़िया बिरादरी में राक्षस है ये परिंदा.. बिना लैंड किए उड़ता है महीनों तक

**नई दिल्ली।** जब भी चिड़िया की चर्चा होती है तो इस जीव को हमेशा मासूम और कोमल ही माना जाता है। लेकिन, चिड़िया बिरादरी में भी कई तेज-तर्रार परिंदे होते हैं। यहां बात हो रही है कॉमन स्विफ्ट चिड़िया की। यह अनोखा पक्षी अपनी चौंका देने वाली उड़ान के लिए जाना जाता है। जानकार कहते हैं कि यह पक्षी अपने जीवन का ज्यादा से ज्यादा समय उड़ते हुए बिताता है। केवल घोंसला बनाने या अपने बच्चों को बड़ा करने के लिए ही यह जमीन पर उतरता है। स्विफ्ट के लंबे, संकीर्ण पंख और सुव्यवस्थित शरीर इसे अत्यधिक कुशल उड़ने वाला पक्षी बनाते हैं। ये आमतौर पर चिमनी या दरारों में घोंसला बनाते हैं। ज्यादातर इनका घोंसला ऊंची इमारतों पर ही मिलता है। कॉमन स्विफ्ट उड़ते समय कीड़ों को आहार में लेता है। इन कीड़ों का शिकार यह चिड़िया हवा में ही करती है। कॉमन स्विफ्ट प्रवासी पक्षी है। जो सर्दियों में गर्म क्षेत्रों की ओर यात्रा करता है। लगातार उड़ान के लिए तो इसे जाना जाता है ही.. इसकी एक खासियत इसकी स्पीड भी है। जानकारों का मानना है कि स्विफ्ट 112 किलोमीट प्रति घंटे की स्पीड से उड़ान भर सकता है।







छत्तीसगढ़ी फिल्म

एक पन्ने की कहानी

निर्माता - सौरभ बुरड़िया, लेखक निर्देशक - सुनी सिन्हा
प्रमोटर - मंगल मूर्ति, वितरक - लाभांश तिवारी श्याम टॉकीज

डिओपी- सुक्खी, गीत- मीर अली मीर, देवेश तिवारी, चंद्रप्रकाश भारद्वाज, संगीत- सुनील सोनी, एसोसिएट डॉयरेक्टर- सुमीत बसईवाला, क्रियेटिव डॉयरेक्टर- सांवरे अम्बुज, आर्ट डॉयरेक्टर- बेनेडिक्ट फ्रांसिस
संपादन- आर्दश सनोडिया, सहायक निर्देशक- राहूल चंद्रवंशी, खेमराज देवांगन, मोनिका निषाद राज, प्रोडक्शन मेनेजर- धनराज साहू, ऑडियोग्राफी- प्रबोद रंजन साहू, कॉस्ट्यूम डिजाईनर- करुणा देवांगन, ड्रेस- रज्जू, मेकअप- कामता नायक, लाईन प्रोड्यूसर- मनीराम सिन्हा, रिकॉडिस्ट- नुतन सिन्हा

आज से
भव्य शुभारंभ
आपके नजदीकी सिनेमा घरों में

1. श्याम टॉकिज - रायपुर 2. आईनॉक्स 36- रायपुर 3. आईनॉक्स अंबुजा - रायपुर 4. पी वी आर सिटी सेंटर - रायपुर
5. मिराज सिनेमा - नया रायपुर 6. चंद्रा टॉकीज - भिलाई 7. पी वी आर - भिलाई 8. सिटी 36 - बिलासपुर
9. पी वी आर-बिलासपुर 10. शिवा टॉकिज - बिलासपुर 11. श्री कृष्णा - राजनांदगांव 12. सिने वर्ल्ड - कांकेर
13. देवश्री टॉकिज - धमतरी 14. गोपी टॉकीज - रायगढ़ 15. निहारिका - कोरबा 16. चित्रा- कोरबा
17. बसंत मल्टीप्लेक्स - अंबिकापुर 18. जे सी एम - अंबिकापुर 19. मुकुन्द मल्टीप्लेक्स- चांपा
20. पद्मिनी सिनेप्लेक्स- चांपा 21. मेट्रो सिनेमा - जांजगीर 22. तक्ष मल्टीप्लेक्स- शिवरीनारायण 23. श्री महल - भटगांव
24. श्री सिनेमा - पाटन 25. बालाजी मल्टीप्लेक्स - कसडोल 26. मां भुवनेश्वरी - कवर्धा 27. सिटीप्लेक्स - भाटापारा
28. सिटी सिनेमा- सारंगढ़ 29. विवान डिजिटल सिनेमा - पत्थलगांव 30. के सेरा सेरा- दुर्ग
31. A A B सिनेमा - बिर्रा 32. कटघोरा - मुरली मेट्रो


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com